वर्ष : 18 अंक: 148 ग्वालियर • रविवार 29 जून 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

## जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह

# पीएम मोदी ने डाक टिकट, सिक्के जारी किए कहा- आचार्य विद्यानंद का जीवन त्याग की मिसाल

नई दिल्ली (ए.)

पीएम मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट ने पीएम को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर मोदी ने कहा, मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन हमारी संस्कृति में यह परंपरा है कि संतों से जो भी मिलता है, हम उसे प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं।



इस वजह से मैं इस सम्मान को प्रसाद रूप में विनम्रता से स्वीकार करता हूं और इसे मां भारती को समर्पित करता हूं। PM ने भावुक होते हुए कहा कि आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज एक युग पुरुष थे, युग दृष्टा थे। मुझे सौभाग्य मिला कि मैं उन्हें निकट से देख पाया और उनके आध्यात्मिक तेज को महसूस कर सका। आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तो मुझे इस मंच से भी उनका स्नेह और निकटता महसूस हो रही है। PM ने कहा- भारत दुनिया की सबसे प्राचीन और जीवित संस्कृति है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारी सोच अमर है, हमारा दर्शन अमर है। इस अमर दर्शन का स्रोत हमारे ऋषि, मुनि, संत और आचार्य हैं। उन्होंने ही भारत की आत्मा को दिशा दी है और सदियों तक हमारी संस्कृति को जीवित रखा है। आचार्य विद्यानंद महाराज जैन धर्म के संत, विद्वान और समाज-सुधारक थे। उनका जन्म 22 अप्रैल 1925 को शेदबल गांव, बेलगावी (अब कर्नाटक) में हुआ था। बहुत कम उम्र में उन्होंने संन्यास ले लिया और पूरी जिंदगी संयम, साधना और सेवा में लगा दी। वे जैन धर्म के सबसे बड़े विद्वानों में माने जाते हैं। उन्होंने 8,000 से ज्यादा जैन ग्रंथों के श्लोक कंठस्थ कर रखे थे। उन्होंने जैन दर्शन, नैतिकता और प्राकृत भाषा पर 50 से अधिक किताबें लिखीं। आचार्य विद्यानंद जी ने देशभर में कई पुराने जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जीवनभर नंगे पांव यात्रा की और कठोर तप, ब्रह्मचर्य और ध्यान का पालन किया।

### जैन ध्वज के निर्माता

आचार्य विद्यानंद जी महाराज साल 1975 में भगवान महावीर के 2,500वें निर्वाण महोत्सव के समय, उन्होंने सभी जैन संप्रदायों की सहमति से आधिकारिक जैन ध्वज और अहिंसा प्रतीक तैयार किया।

## हिंदू समाज को स्नेह सूत्र में बांधना संघ का लक्ष्य

# मोहन भागवत बोले- RSS का मूल विचार अपनापन; 26 अगस्त से शुरू होगा शताब्दी समारोह

पुणे (ए.)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल विचार अपनापन है। अगर RSS को एक शब्द में बयान किया जाए तो वह अपनापनहोगा। भागवत बोले- संघ का उद्देश्य पूरे हिंदू समाज को अपनेपन और स्नेह के सूत्र में बांधना है। साथ ही, हिंदू समाज ने यह जिम्मेदारी भी ली है कि वह पूरी दुनिया को भी इसी अपनेपन के सूत्र में बांधे। संघ प्रमुख भागवत पुणे में आयुर्वेदाचार्य दिवंगत वैद्य पीवाय खडीवाले की जीवनी के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।




### 26 अगस्त से शुरू होंगे RSS शताब्दी समारोह के आयोजन

आरएसएस अपना शताब्दी वर्ष सैकड़ों हिंदू सम्मेलनों और सामुदायिक बैठकों के साथ मनाने जा रहा है। जो पूरे देश में आयोजित होंगे। 2 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन अखिल भारतीय योजना बनाई है। शुरुआत 26 अगस्त को दिल्ली में मोहन भागवत की तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला से होगी। इसके बाद ये व्याख्यान मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता में आयोजित किए जाएंगे।

## कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला का निधनः, पुलिस ने पति समेत 4 लोगों के बयान किए दर्ज

मुबंई (ए.)।

रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुई एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई।

अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंची और सबूत जुटाए गए। NBT की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने पति पराग त्यागी का बयान घर पर लिया। अब तक चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। शेफाली के घर के कुक और मेड से भी पूछताछ हुई है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। वहीं, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट अभी तक आई नहीं, लेकिन पोस्टमार्टम हो चुका है और पार्थिव शरीर घर पे लाया जा चुका है। कुछ ही देर में अंतिम संस्कार होगा।

# देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग

## मोतिहारी की विभा पहली ई-वोटर बनीं

बिहटा, (ए.)।



पटना देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग हो रही है। ब?िहार के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के उपचुनाव हो रहे हैं। इसमें छह नगर पालिकाओं में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ई-वोटिंग हो रही है। यह प्रोजेक्ट वोटिंग सेंटर्स तक पहुंचने में असमर्थ लोगों को आसानी से वोटिंग कराने के लिए किया गया है। वोटिंग के लिए दो ऐप लॉन्च किए गए हैं। यह सुविधा लेने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना था। चुनाव आयोग के अनुसार ई-वोटिंग के लिए 50 हजार से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ई-वोटिंग हुई। दुबई, कतर जैसे देशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों ने भी ऐप के जरिए वोटिंग की। मोतिहारी की विभा ने एप से पहला वोट डाला, जिससे वह देश की पहली ई-वोटर बन गई हैं।

### खुसरूपुर नगर पंचायत चुनाव में शाम 5 बजे तक 68.26% वोटिंग

पटना के खुसरूपुर में शाम 5 बजे तक EVM से कुल 68.26% वोटिंग हो चुकी है। बिक्रम और नौबतपुर नगर पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। नौबतपुर नगर पंचायत में लगभग 60% मतदान हुआ। अभी बिक्रम की रिपोर्ट नहीं आई है।

## गुरुग्राम के PG में युवती ने सुसाइड किया: जम्मू की रहने वाली, मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करती थी

### परिवार को बता रूम पार्टनर लापता

गुरुग्राम (ए.)।



हरियाणा के गुरुग्राम में मल्टी नेशनल कंपनी में काम करने वाली एक युवती ने अपने पीजी रूम में पंखे से फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवती दो लड़कियों के साथ पीजी में रहती थी। इन लड़कियों में से एक डॉक्टर है, जबकि दूसरी रूम पार्टनर लापता है।

लापता होने से पहले उसने सुसाइड की जानकारी युवती के परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही युवती की लापता रूम पार्टनर की तलाश भी शुरू कर दी है।

उधर, परिवार के लोगों ने युवती की रूम पार्टनर्स पर ही वारदात में शामिल होने का शक जताया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गुरुग्राम में माहिरा ग्रुप की 557 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क: समालखा के पूर्व विधायक छोक्कर से जुड़ी कंपनियां

गुरुग्राम (ए.)।

प्रवर्तन निदेशालय (ED) की गुरुग्राम ब्रांच ने रियल एस्टेट क्षेत्र में धोखाधड़ी और जालसाजी के एक बड़े मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ED ने माहिरा बिल्डटेक और जार बिल्डवेल कंपनियों की करीब ?557.43 करोड़ की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है। माहिरा बिल्डटेक कंपनी समालखा के पूर्व कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छोक्कर और उनके परिवार से जुड़ी है। बता दें कि कुछ समय पहले ईडी ने धर्म सिंह छोक्कर को दिल्ली से

### 3700 खरीदारों से 616 करोड़ वसूले



गिरफ्तार भी किया था। यह कार्रवाई रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में ग्राहकों से धोखाधड़ी, जालसाजी और पैसे की हेराफेरी से जुड़ी शिकायतों के आधार पर की गई है। ईडी ने कहा है कि जांच जारी है और जल्द ही अन्य खुलासे भी हो सकते हैं।

### 35 एकड़ की सात अचल संपत्तियां अटैच

यह कुर्की प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत माहिरा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स साईं आइना फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड), मेसर्स माहिरा बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स जार बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ की गई है, जो पूर्व विधायक धर्म सिंह छोक्कर से जुड़ी बताई जाती हैं।

## जयपुर-आगरा हाईवे पर कैंटर में घुसी कार, 4 की मौत

**दौसा ( ए. )।** जयपुर-आगरा हाईवे पर खड़े कैंटर में पीछे से कार जा घुसी। इस हादसे में कार सवार मां, बेटा-बेटी सहित 4 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना शुक्रवार की देर रात करीब सवा बारह बजे दौसा के कलेक्ट्रेट चौराहे के पास RTO ऑफिस के सामने हुई। आरोप है कि RTO टीम ने चेकिंग के कारण हाईवे किनारे कैंटर को रोका था, तभी हादसा हो गया।

कैंटर में फंस गई थी कार, आधे घंटे बाद निकाले गए शव

## CJI बोले-अधिकारों की रक्षा के लिए अदालतों की सक्रियता जरूरी




### लेकिन यह ज्यूडिशियल टेररिज्म न बने; माता-पिता का संघर्ष याद कर भावुक हुए जस्टिस गवई

**नागपुर ( ए. )।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए न्यायिक सक्रियता जरूरी है। यह बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदला जा सकता। CJI ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को उनकी सीमाएं दी गई हैं। तीनों को कानून के अनुसार काम करना होगा। जब संसद कानून या नियम से परे जाती है, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप कर सकती है। CJI गवई नागपुर जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां उन्होंने कुछ किस्से साझा किए। अपने माता-पिता के संघर्षों के बारे में बताया।

अपने जीवन पर माता-पिता के प्रभाव के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए।

### CJI बोले- पिता भी बनना चाहते थे वकील

CJI ने कहा, मैं आर्किटेक्ट बनना चाहता था, लेकिन मेरे पिता ने मेरे लिए अलग सपने देखे थे। वह हमेशा चाहते थे कि मैं वकील बनूं, एक ऐसा सपना जो वह खुद पूरा नहीं कर सके।

## किसान की खुशहाली ही हमारा ध्येय, सोलर पम्प के जरिए किसानों को बिजली की चिंता से दिलाएंगे मुक्ति : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

### भिंड जिले के किसानों के लिए 2800 करोड़ रुपए से बनाई जाएगी रतनगढ़ माता बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना

### दंदरौआ धाम में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल स्टॉफ के लिए ट्रेनिंग इन्स्टिटयूट खोलने की घोषणा की

### दंदरौआ धाम में भिंड जिले के लिए करीब 44.50 करोड़ की लागत वाले विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन





**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सबके कल्याण के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमें गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता (किसान) के कल्याण का ज्ञान मंत्र दिया है। हमारी सरकार मिशन मोड पर इनके कल्याण के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सबका उदर-पोषण करने वाले अन्नदाताहमारे लिए सदैव पूज्यनीय हैं। किसानों के खेत-खलिहान और घर द्वार में समृद्धि आए इसके लिए सरकार सभी प्रयास कर रहे है। किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हम हर जरूरी कदम उठा रहे हैं। इनके खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल, पीएम किसान सम्मान निधि, मौसम की मार और कीट प्रकोप से सुरक्षा कवच देते हुए फसल योजना जैसी सुविधाओं के साथ अब हमारी सरकार किसानों को सोलर पम्प देने जा रही है। इन सोलर पम्पों के लिए किसान अपनी जरूरत के अनुसार सौर ऊर्जा से बिजली पैदा कर अपने खेतों में सिंचाई कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सोलर पंप के जरिए हम किसानों को बिजली आपूर्ति और बिजली बिल की चिंता से मुक्ति दिला देंगे। मुख्यमंत्री डॉ, यादव शनिवार को भिंड जिले की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के दंदरौआ सरकार धाम परिसर में आयोजित किसान एवं रोजगार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसी पावन धरती से प्रदेश के सभी किसानों के लिए प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तरीय सोलर पॉवर पंप पोर्टल लांच किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा?कि राज्य सरकार ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने के लिए पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना की सौगात दी है। प्रदेश का सिंचाई रकबा अभी 55 लाख हेक्टेयर है, इसे आगामी वर्षों में 100 लाख हेक्टेयर तक बढाएंगे। प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए सोलर पंप योजना का आज शुभारंभ हुआ है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को मात्र 90 प्रतिशत अनुदान 5 हार्स पॉवर से लेकर 10 हार्स पॉवर तक के सोलर पंप दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को 5 हार्सपॉवर का सोलर पावर पंप मात्र 30 हजार रुपए में, 7.5 हार्स पॉवर का पंप 41 हजार रुपए में और 10 हार्स पॉवर को सोलर पावर पंप 58 हजार रुपए में मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले वर्षों में प्रदेश के गांव-गांव तक सिंचाई जल पहुंचाएंगे। हमारी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भिंड जिला वीरों की धरती है। मेहगांव के हनुमान जी को श्रद्धालु डॉक्टर हनुमान के नाम से जानते हैं। जैसी भक्त की भावना होती है भगवान वैसे बन जाते हैं। यहां कैंसर जैसे असाध्य रोग तक लोगों के विश्वास से ठीक हो रहे हैं। इस क्षेत्र को पहले दस्यु आतंक के लिए जाना जाता था, लेकिन अब समय बदला है और चंबल अंचल में विकास की यात्रा जारी है।

**मुख्यमंत्री की घोषणाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन में भिंड जिले को कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि भिंड जिले की पावन धरती दंदरौआ धाम में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंगइन्स्टिटयूट खोला जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर भिंड जिले के किसानों के हित में रतनगढ़ माता बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना प्रारंभ करने को मंजूरी दी।

# बेटी बचाओं-बेटी पढाओ योजना का असर, शिशु लिंगानुपात में हुई वृद्धि

## कलेक्टर के निर्देशन में जारी है अभियान



**श्योपुर ब्यूरो।** महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित बेटी बचाओं-बेटी पढाओ योजना का असर व्यापक रूप से हो रहा है, इसके चलते शिशु लिंगानुपात में लगातार वृद्धि हो रही है। मध्यप्रदेश में बेटियों एवं महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने इसे गति प्रदान की है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशन में श्योपुर जिले में भी बेटी बचाओं-बेटी पढाओ योजना अंतर्गत कई प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बेटियों को आगे बढाने उन्हें संरक्षण प्रदान करने के कार्य किये जा रहे है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के नेतृत्व में श्योपुर जिले में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग से जिले के शिशु लिंगानुपात में लगातार वृद्धि हुई है। चतुर्थ नेशनल फेमली हेल्थ सर्वे के अनुसार जहां श्योपुर जिले में शिशु लिंगानुपात प्रति हजार बालक शिशु पर 923 बालिका शिशु था, वही पाचवे नेशनल फेमली हेल्थ सर्वे में बढकर 974 पहुंच गया है। मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण प्रोग्राम के लिए सेफ्टी और सुरक्षा को शामिल करते हुए जहां संबल अभियान चलाया गया, वही महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सामर्थ्य अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमैन, शक्ति संघन, एंटी ह्युमैन ट्रफकिंग यूनिट, होम फॉर विंडो और पालना जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया। लिंग आधारित भ्रुण हत्या की रोकथाम, बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना तथा उनके सर्वांगिण विकास के लिए अवसर प्रदान करना, सामाजिक व्यवस्था में बेटियों के प्रति रूढीवादिता मानसिकता को बदलना और बालक-बालिकाओं में किये जाने वाले भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। सहायक संचालक श्री रिशु सुमन ने बताया कि इसके अंतर्गत श्योपुर जिले में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। उन्होने बताया कि हाल ही में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में उक्त योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए डिस्ट्रीक्ट एक्शन प्लान बनाया गया है, जिसमें पीसी पीएनडीटी सेल के सदस्यों का उन्मुखीकरण के साथ ही बालिकाओं के नाम पर वृक्षारोपण, अस्पताल एवं आंगनबाडी केन्द्रों में नवजात बालिका के जन्म पर उत्सव का आयोजन, स्कूलों और छात्रावासों में बेटी की पेटी लागू करना, राष्ट्रीय बालिका दिवस सहित अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर व्यापक रूप से कार्यक्रम आयोजित कर बेटियों का उत्साह बढाना तथा कक्षा 10वी, 12वी की मैधावी टॉपर बालिकाओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान करना जैसी गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

पॉयलेट आधार पर बाल एवं लिंग अनुकूल पंचायत विकसित करने तथा बेटियों के महत्व को बेहरत ढग से समझाने के लिए नारी की चौपाल कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपराजिता कार्यक्रम के तहत जूडो कराटे का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, वही आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास के प्रशिक्षण प्रदान किये जायेगे।

# बस्ती में आये मगरमच्छ को रेस्क्यू कर नदी में छोडा



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशों के क्रम में गत रात्रि को ग्राम कलमुंडा की एक बस्ती में आए मगरमच्छ को राजस्व, पुलिस एवं फारेस्ट की टीम द्वारा रेस्क्यू कर पार्वती नदी में छोड़ा गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा को रात में ग्राम कलमुंडा में मगरमच्छ आने की सूचना मिली थी, जिस पर उन्होंने राजस्व, पुलिस, फॉरेस्ट की टीम को निर्देश दिए थे, निर्देशों क्रम में रात को ही मगरमच्छ को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से पार्वती नदी में छोड़ दिया गया है। तहसीलदार बडौदा श्रीमती मनीषा मिश्रा ने जानकारी दी कि प्रशासन द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए रात को ही मगरमच्छ का रेस्क्यू करते हुए नदी में छोड दिया गया है।

# कोटा बैराज से 1 जुलाई को छोडा जायेगा चंबल नहर में पानी

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की ट्रायल टेस्टिंग का कार्य किया जाना है, इस संबंध में चंबल दाहिनी मुख्य नहर में कोटा बैराज से अब 1 जुलाई को पानी छोडा जायेगा। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री चैतन्य चौहान ने बताया कि चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की जीएम-3 पाइपलाइन की ट्राइल टेस्टिंग का कार्य किया जाना है, इसके लिए कोटा बैराज से चंबल दाहिनी मुख्य नहर में 1 जुलाई को लगभग 1 हजार क्यूसेक पानी छोडा जा रहा है। कार्यपालन यंत्री श्री चौहान ने लोगों से अपील की है कि कोटा बैराज से छोडा गया पानी 2 जुलाई तक जिले में प्रवेश करेंगा तथा धीरे-धीरे नहर में पानी की मात्रा बढेगी, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से नहर के आसपास के ग्रामीण सर्तकता रखे तथा मवेशी आदि को नहर में जाने से रोके।

# अटल पेंशन योजना में श्योपुर देशभर में तीसरे स्थान पर

**श्योपुर ब्यूरो।** जन जन तक योजनाओं का लाभ देने में अग्रणी मध्यप्रदेश शासन द्वारा अटल पेंशन योजना के सफल क्रियान्वयन में देश के शीर्ष जिलों में मध्यप्रदेश के दो जिले शामिल है, मध्यप्रदेश के दो जिले बालाघाट और श्योपुर ने देशभर के शीर्ष जिलों में स्थान बनाया है। जहां बालाघाट को पहला स्थान मिला है, वही श्योपुर को देशभर में तीसरा स्थान हासिल हुआ है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले के लिए यह गौरव की बात है कि देशभर में श्योपुर को यह उपलब्धी हासिल हुई है। जिला प्रशासन द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को शासन की मंशानुरूप आमजन तक पहुंचाने के दृष्टिकोण के चलते यह उपलब्धी हासिल हुई है। उल्लेखनीय है कि अटल पेंशन योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पेंशन योजना है, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के कामगारों को वृद्धावस्था में नियमित आय प्रदान करना है। यह योजना 18 से 40 वर्ष की आयु के बीच के भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है, जिनके पास बचत बैंक खाता है और जो आयकर दाता नहीं हैं. 60 वर्ष की आयु के बाद, ग्राहकों को 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये प्रति माह तक की गारंटीड पेंशन मिलती है। लाभार्थी को अपनी चुनी हुई पेंशन राशि के अनुसार मासिक, त्रैमासिक या अर्धवार्षिक रूप से योगदान करना होता है। यह योजना भारतीय पेंशन निधि विनियामक प्राधिकरण द्वारा विनियमित और नियंत्रित की जाती है।

# जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर ने किया जेल का निरीक्षण



**दतिया।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज शनिवार को जिला जेल दतिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सतीश वसुनिया, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया कु निधि मोदिता पिंटो, जेल अधीक्षक श्री ओपी पांडे, एसडीएम दतिया श्री संतोष तिवारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा जेल के प्रत्येक बैरक पर जाकर बंदियो की रहने की व्यवस्था बंदियो की समस्याएं व खानपान की जानकारी लेते हुए बंदियो के संबंध में शिकायत पेटी, किशोर बंदियो की पहचान, जमानत एवं अपील के संबंध में जानकारी लीगल एड क्लिनिक द्वारा दी जाने वाली बंदियो की सुविधा, बंदियो की कॉलिंग की सुविधा की जानकारी ली गई। निरीक्षण में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बंदी मुलाकात केंद्र, भोजन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय साफ-सफाई, का जायजा लिया। उन्होंने जेल में स्थापित स्वास्थ्य केन्द का निरीक्षण किया एवं दवाओं की स्टॉक पंजी भी देखी व उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी बंदियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाए एवं जेल के अंदर मिलने वाली सभी सुविधाओं का स्तर गुणवत्ता पूर्वक हो यह सुनिश्चित किया जाए।

# शांति समिति की बैठक 30 जून को

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में मोहर्रम के पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक 30 जून सोमवार को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन ने बताया कि बैठक में पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# अवैध रूप से बिक रही मछली की जप्त



**दतिया।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक बंद ऋतुकाल घोषित है। कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखेडे ने आदेशानुसार जिले में संचालित जलाशय, तालाबों से मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय एवं परिवहन प्रतिबंधित किया गया है। आज शनिवार को सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री राजेश कुमार पाठक द्वारा अपनी टीम को साथ लेकर इंदरगढ विकासखंड सेवढा में बिक रही अवैध रूप से मीट मार्केट ग्वालियर रोड इंदरगढ में बिक रही मछ्ली को जप्त किया गया। जप्त मछ्ली को नीलाम किया गया। 82 किलो मछ्ली जप्त की गई नीलामी राशि रूपये 3500 शासन के खाते में जमा कराई गई। सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री पाठक द्वारा बताया गया कि चैकिंग कार्य लगातार जारी रहेगा। जिला स्तर पर चैकिंग दल का गठन किया गया है। चैकिंग पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। चैकिंग के दौरान श्री हेमंत गढकारिया, श्री मोहनलाल मौर, श्री मुकेश विश्वकर्मा एवं श्री भगवतशरण रायकवार उपस्थित रहे।

# शिक्षा जैसे नैतिक कार्य को व्यापार बनाया तो होगी मान्यता रद्द - कलेक्टर श्री वानखडे

## अभिभावकों का शोषण रोकने हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता बैठक आयोजित

**दतिया।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे की अध्यक्षता में विगत दिवस को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी निजी स्कूल संचालकों एवं प्रबंधकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वानखेड़े ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं, बल्कि ज्ञान और कौशल का प्रसार करना है। उन्होंने स्कूल संचालकों को निर्देशित किया कि अभिभावकों पर किसी भी प्रकार का आर्थिक दबाव डालकर शिक्षा के नाम पर व्यावसायिक गतिविधि करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(47) ÷अनुचित व्यापार व्यवहार÷ एवं मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस निर्धारण एवं अन्य विनियमन) अधिनियम, 2017 की धारा 13के तहतकानूनन दंडनीय अपराध है। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वानखेड़े ने सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि कोई भी स्कूल संचालक अभिभावकों को किताबें, यूनिफॉर्म, स्टेशनरी या अन्य सामग्री किसी विशिष्ट दुकान या विक्रेता से खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी स्कूल किसी एक विशेष प्रकाशन की किताबें खरीदने की अनिवार्यता नहीं थोपेगा। उन्होंने बैठक में स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश 04 जुलाई 2022 के अनुसार स्कूल प्रबंधन अपनी किताबों की सूची और यूनिफॉर्म डिजाइन सार्वजनिक करेगा ताकि अभिभावक अपनी पसंद की दुकान से इन्हें स्वतंत्र रूप से खरीद सकें। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वानखेडे ने जिला शिक्षा अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि शिक्षा के नाम पर व्यापार और अभिभावकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन किसी भी प्रकार के पैकेज सिस्टम (किताबें, ड्रेस, बैग आदि एक तय दुकान से अनिवार्य रूप से खरीदने) को तुरंत समाप्त करे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूलों का समय समय पर निरीक्षण किया जाए। शिकायत एवं उल्लंघन पाए जाने पर स्कूल की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाए एवं उपभोक्ता फोरम में मुकदमा, जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री वानखेड़े ने कहा कि हमारा उददेश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और माता-पिता के अधिकारों की रक्षा करना है। कोई भी निजी स्कूल यदि अभिभावकों पर व्यापारिक दबाव बनाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी विद्यालय इस प्रकार का दबाव बनाए या सामग्री किसी एक दुकान से लेने के लिए बाध्य करे, तो इसकी शिकायत तुरंत 0755-2840614 पर करें। अभिभावक लिखित शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला कलेक्टर कार्यालय या मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी कर सकते है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय तेम्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री यू.एन. मिश्रा, जिला परियोजना समन्वयक श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# खिरिया आलम सरपंच श्री कौरव को पद से किया पृथक

**दतिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल ने ग्राम पंचायत खिरिया आलम में क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा कि ग्राम पंचायत खिरिया आलम के ग्राम सौजना में पुराने तालाब पर अमृत सरोवर योजना से तालाब स्वीकृत किया गया। जिसके संध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भाण्डेर के प्रतिवदेन प्रस्तुत करने के निर्देशित किया गया। सीईओ भाण्डेर द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया उक्त तालाब निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति राशि 1491667 रूपये जारी की गई है। उक्त राशि में 10608 रूपये भुगतान भी हो चुके है। जबकि मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के यह स्पष्ट निर्देश है कि पुराने निर्माण कार्य मरम्मत हेतु प्रशासकीय स्वीकृति हेतु ग्राम पंचायत मात्र 10 हजार रूपये के अधिकार है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तेम्रवाल ने संबधित सरपंच द्वारा स्वीकृत प्रशासकीय आदेश उनके वैधानिक अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर पारित किए गए हैं। जब उनके इस कृत्य पर स्पष्टीकरण मांगा गया तो उन्होंने यह कहकर बचाव किया कि उन्हें उक्त विषयक शासन निर्देशों की जानकारी नहीं थी, परंतु यह तर्क विधिसम्मत नहीं है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने अनेक निर्णयों में स्पष्ट रूपये अज्ञानता न्यायसंगत गैर बहाना एवं कानून की अनभिज्ञता संबधी कोई बहाना नहीं है। सरपंच द्वारा अपने पद का दुरूपयोग किया गया यह आचरण पद के दुरूपयोग एवं कर्तव्यों की उपेक्षा की श्रेणी में आता है जो मध्य प्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के अंतर्गत स्पष्ट रूप से दंडनीय है। सरपंच ग्राम पंचायत खिरिया आलम श्री निरपाल सिंह कौरव को अमृत सरोवर तालाब की राशि रूपये 1491667/ की नियम विरूद्व प्रशासकीय स्वीकृति जारी का दोषी होने के कारण मध्य प्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 की उपधारा (1) (बी) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए न्यायालय विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा श्री निरपाल सिंह कौरव सरपंच ग्राम पंचायत खिरिया आलम को पद से पृथक किया गया। प्रकरण में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सुश्री ऋतु व्यास एवं उपयंत्री मनरेगा श्री विशाल परिहार, ग्राम रोजगार सहायक श्री राजकुमार खेमरिया ग्राम पंचायत खिरिया आलम जनपद पंचायत भाण्डेर को दोषी मानते हुए 15 दिवस का वेतन काटा जाता है। इसके साथ ही तकनीकी स्वीकृति जारी करने वाले प्रभारी सहायक यंत्री जनपद पंचायत भाण्डेर श्री अनिल गौतम के विरूद्व कार्यवाही हेतु प्रस्ताव आयुक्त ग्वालियर संभाग को भेजा गया है। जिस पर आयुक्त ग्वालियर संभाग द्वारा पृथक से कार्यवाही की जा रही है।

# कलेक्टर ने स्वच्छता प्रमुखों की ली बैठक

**दतिया।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखेडे ने आज शनिवार को बैठक लेकर में कहा मुझे इस शहर को स्वच्छ स्वस्थ वातावरण देना है पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर ने कड़े शब्दों में नगर पालिका से संबंधित स्वच्छता प्रमुखों की बैठक लेकर कहा कि स्वच्छता को लेकर नहीं बरती जाए लापरवाही अन्यथा की जाएगी कार्यवाही। उन्होंने व्यापारी, दुकानदारों, ठेला संचालक, गुमटी वालों एवं शहर के रहवासी से अपील की है अपना कचरा खुले में न फेंके कचरा सुव्यस्थित तरीके से वाहन में डाले ताकि उसका समुचित तरीके से निपटान हो सके। साथ ही यह भी कहा कि यदि उसके बाद भी कोई व्यक्ति या दुकानदार किसी भी प्रकार का कचरा खुले में फेंकते है या ढेर लागते है उन सभी लोगों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वानखेडे ने पॉलीथिन पर सख्ती बर्तने के निर्देश दिए है। किसी प्रकार अमानक पॉलीथिन शहर में उपयोग नहीं की जावेगी यदि कोई भी दुकान दार पॉलीथिन का उपयोग करता है उस पर भी नियमानुसार कार्यवाही करें। साथ मुख्य मार्ग मंदिर मार्ग साफ स्वच्छ रखे यहां किसी भी प्रकार गंदगी बर्दाश्त नहीं की जावेगी। इसके अतिरिक्त शहरवासी से भी अपील की गई कि आपका शहर है इसे साफ स्वच्छ रखने मै आपकी जिम्मेदारी है और जन सहयोग से हम शहर एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का निर्मित कर अपने शहर के विकास में योगदान दे सकते है।

# जिला पंचायत सीईओ ने स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्र एवं गौशाला का किया निरीक्षण

**दतिया।** आज शनिवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल ने भांडेर रोड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 1 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के बच्चों के किताब पढवाई एवं बच्चों से संवाद किया। उन्होंने ग्राम पंचायत बहादुरपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं गौशाला का भी निरीक्षण किया। ग्राम बहादुरपुर में संचालित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र निरीक्षण के दौरान बंद मिले। उन्होंने सीएससी बहादुरपुर प्रभारी डॉ. संगीता शाक्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं संतोषजनक जबाव ना पाए जाने की स्थिति में सात दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बीकर एवं बेरछ में उप स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री यूएन मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्वालियर चातुर्मास के लिए आचार्य श्री सुबल सागर महाराज सहित नौ संतो का हुआ भव्य मंगल प्रवेश।

**ग्वालियर।** तपस्वी सम्राट श्री सन्मति सागर महाराज के अंतिम शिष्य आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ का ग्वालियर की पवन धरा पर भव्यता सन्मति सुबल वर्षायोग ग्वालियर 2025 चातुर्मास के लिए नौ साल के बाद नौ संतो का एक साथ भव्य मंगल प्रवेश शोभायात्रा ग्वालियर सकल जैन समाज की ओर आज शनिवार को दौलतगंज स्थित दिगंबर जैन मंदिर से निकली गई। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ की आगवानी लश्कर, मुरार, उपनगर ग्वालियर सहित सम्पूर्ण ग्वालियर सकल जैन समाज ने सम्मिलित होकर जयकारों के साथ की। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि समन्वयक जैन मिलन ग्वालियर के निर्देशन में आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ की मंगल प्रवेश शोभायात्रा दौलतगंज जैन मंदिर से शुरू हुई। इस शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़े पर सवार युवा हाथों में जैन ध्वजा लेकर चल रहे थे। वही डी.जे पर भजनों पर युवक और युवतियां जमकर नृत्य कर रहे थे। शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया साड़ी और पुरुष साफ बांधकर व्हाइट परिधानों में सम्मिलित हुए। वही आचार्यश्री सुबल सागर जी महाराज सभी भक्तो को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। मंगल प्रवेश शोभायात्र दौलतगंज से शुरू होकर पाटनकर चौराहे, फालका बाजार राममंदिर से गस्त का ताजिया, डीडवाना ओली, सराफा बाजार, महाराज बाड़ा, मोर बाजार, दाना ओली से होती हुई कार्यकम स्थल चंपाबाग धर्मशाला पहुंची। वही बैंड, ढोला ताशे के साथ जैन समाज के समाजजन ओर संस्थाएं जगह जगह रंगोली सज्जकर अपने प्रतिष्ठान, निवास ओर मंच लगाकर आचार्य श्री सुबल सागर महाराज की आगवानी कर पद प्रक्षालन के साथ दीपकों से आरती उतारी। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मंगल प्रवेश शोभायात्रा चंपाबाग धर्मशाला कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में धर्मसभा का शुभारंभ भगवान पार्श्वनाथ चित्र का अनावरण पुरुषोत्तम जैन ओर आचार्य श्री सुनील सागर के चित्र का अनावरण राकेश जैन ने किया। मंगलाचरण सोनल जैन ने किया। आचार्यश्री सुबल सागर जी के चरणों का पद प्रक्षालन प्रमोद जैन मुरैना ओर शास्त्र भेंट राजेश जैन भिंड परिवार ने किया। आचार्यश्री के चरणों में श्रीफल भेंट चातुर्मास समिति के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र गंगवाल, महामंत्री निर्मल पाटनी, महेंद्र टोंग्या, प्रशांत गंगवाल, बालचंद्र जैन, मुख्य संयोजक कमलेश जैन महेंद्र जैन बंटी, संयोजक विनय कासलीवाल, पंकज बाकलीवाल, प्रमोद जैन, प्रमोद टोंग्या, पंकज छाबड़ा एवं मंदिर कमेटी, संस्थाओं ने श्रीफल चरण भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया। संचालन उमेश जैन ओर विनय कासलीवाल ने किया। जिन मुख्य मार्गो से आचार्य श्री सुबल सागर महाराज की मंगल प्रवेश शोभायात्रा गूजरी उस रस्ते में दिगंबर खंडेवाल जैन मंदिर दौलतगंज, जैन स्वर्ण मंदिर, दिगंबर जैन मंदिर फालका बाजार, जैन मिलन ग्वालियर, जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर, दिगंबर जैन युवा जागरण मंच ग्रेटर, आप ओर हम टीम, दिगंबर जैन नागौरी, वरैया जैन मंदिर, पुलक मंच ग्रेटर, जैसावाल जैन मंदिर, जैन मिलन महिला नेमीनाथ, जैन मिलन महिला विशुद्ध, चंपाबाग जैन मंदिर ने आचार्यश्री के चरणों का जल से पद प्रक्षालन कर भव्य आरती उतारी। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने चंपाबाग धर्मशाला में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर सकल जैन समाज का पुण्य बड़ा तेज है। मेरी स्वयं की इच्छा थी कि मैं भोपाल चातुर्मास करूंगा, मगर ग्वालियर समाज के पुण्य ओर उनकी भक्ति से चतुर्मास का मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। वर्षाकाल में जीवों की उत्पत्ति अधिक होती है। इसलिए संत एक ही स्थान पर रहकर चातुर्मास करते हैं। चातुर्मास महापुण्य अर्जन करने का साधन है। भारतीय संस्कार और संस्कृति में जितने भी पर्व आते हैं, उन सभी में महापर्व चातुर्मास का पर्व है। अध्यात्म का पर्व, आत्म - उत्थान का पर्व, अपने आप को समझने का पर्व। यह दया, अहिंसा, करुणा और प्रेम का महापर्व है। धर्म का मतलब भी यही होता है। चातुर्मास में त्याग, संयम, तप और ध्यान किया जाता है।

# बस स्टैंड मार्केट में जलभराव से हाहाकार

## निगम की उदासीनता से व्यापारी-यात्री बेहाल, आंदोलन की चेतावनी



**मुरैना,कांस।** शहर के प्रमुख बस स्टैंड परिसर स्थित मार्केट में एक बार फिर जलभराव की गंभीर समस्या ने विकराल रूप ले लिया है, जिससे बस ऑपरेटरों, दुकानदारों और आम यात्रियों का जीना मुहाल हो गया है। नगर निगम की घोर उदासीनता और निराकरण के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण यह समस्या अब एक बड़े संकट का रूप ले चुकी है, जिससे न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य जोखिम भी लगातार बढ़ रहे हैं। बस स्टैंड परिसर में संचालित विभिन्न दुकानों के संचालकों का कहना है कि जलभराव के कारण ग्राहक उनकी दुकानों तक पहुंचने से कतरा रहे हैं, जिससे उनकी बिक्री बुरी तरह प्रभावित हो रही है। एक दुकानदार ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा, ÷पानी भरा होने के कारण कोई व्यक्ति यहां आकर सामान नहीं खरीदना चाहता। हमारा धंधा चौपट हो रहा है।÷ बस ऑपरेटरों ने भी इस समस्या पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि जलभराव के कारण बसों में सवारियां कम आ रही हैं, जिससे उनका व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। एक बस ऑपरेटर ने बताया, ÷हमारी सवारियां कम होने का एकमात्र कारण यह जलभराव है। जलभराव के कारण पूरे परिसर में असहनीय दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो गया है। इसके चलते तमाम तरह की बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का आरोप है कि नगर निगम इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे उनकी नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय व्यापारियों और बस ऑपरेटरों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जल निकासी के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो वे सभी व्यापारी इस गंदे पानी में बैठकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम और प्रशासन की होगी। गौरतलब है कि इसी मार्केट में सब्जियों के फड़ भी लगते हैं, जिससे यह समस्या और भी विकट हो जाती है। पहले भी इस समस्या के निराकरण की मांग को लेकर कई बार आंदोलन हो चुके हैं, लेकिन नगर निगम हर बार सिर्फ आश्वासनों तक ही सीमित रहा है। अब देखना यह है कि निगम इस बार नागरिकों की समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है और इसका स्थायी समाधान कब तक निकलता है।

# सफाई व्यवस्था को गंभीरता से लें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें : निगमायुक्त श्री संघ प्रिय

## सफाई व्यवस्था को लेकर निगमायुक्त ने ली वृहद बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** शहर की सफाई व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने आज स्वास्थ्य अमले की बैठक ली तथा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक जो भी सफाई व्यवस्था को गंभीरता से नहीं लेगा वो कडी कार्रवाई के लिए तैयार रहे। शहर में कहीं भी मुख्य मांगों पर, व्यावसायिक स्थल, चौराहे, पर्यटन स्थल एवं सब्जी मंडी में कतई गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। यहां प्रतिदिन साफ सफाई हो और कचरा उठे। इसकी व्यवस्था संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने बाल भवन के नवीन बैठक सभागार में बैठक लेकर स्वास्थ्य के पूरे अमले को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में यदि किसी ने भी लापरवाही बरती तो वह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, नोडल अधिकारी आईईसी श्री मुकेश बंसल, नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, सहायक यंत्री श्री महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, नोडल अधिकारी श्री शैलेन्द्र सक्सेना, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव, सभी एचओ, एएचओ, डब्ल्यूएचओ, डिपो प्रभारी, एफएसटी प्रभारी आदि उपस्थित रहे। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने निर्देशित किया कि मुख्य मार्गो सार्वजनिक स्थानों, पार्को, पर्यटन स्थलों आदि स्थानों पर गंदगी पाई गई तो संबंधित डब्ल्यूएचओ पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ सभी सफाई कर्मचारियों की मॉनिटरिंग करें तथा सफाई कार्य में लापरवाही पर नियमित कर्मचारियों को नोटिस दें, विनियमित को 15 दिवस का वेतन काटें तथा आउटसोर्स की सेवा वापिस करने की कार्यवाही करें। साथ ही निर्देशित किया कि जो भी कार्यवाही करें उसकी फाइल घूमना नहीं चाहिए त्वरित उसका रिजल्ट आये। बैठक में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया सभी डब्ल्यूएचओ की लिस्ट दें कि इनका मूल पद क्या है। जो डब्ल्यूएचओ कार्य नहीं कर रहा है उसको 7 दिवस में मूल पद पर भेजें। बैठक में निर्देश दिए कि सब्जी मंडी, चौराहों एवं मुख्य मार्गो पर प्रतिदिन सफाई हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अगर दो दिन तक कचरा नहीं उठता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में नाइट स्वीपिंग को लेकर निर्देश दिए कि रात्रि में प्रमुख बाजारों में रात्रि 12 बजे तक कचरा उठायें और दुकानदारों को समझाइश दें अगर नहीं मानते हैं तो जुर्माने की कार्यवाही करें। साथ ही निर्देशित किया खाली प्लाटों आदि स्थानों पर कोई कचरा डालता है तो संबंधित पर जुर्माने की कार्यवाही करें। बैठक में निर्देशित किया कि डोर टू डोर वाहन पर चलने वाले हेल्पर की टेनिंग करायें तथा जो हेल्पर कचरा सेग्रीगेशन करके नहीं ला रहा है उसको वाहन से हटाकर उसके मूल कार्य सफाई कर्मी में लगायें। सुबह सेकेंडरी वाहन सुबह 7 बजे तक क्षेत्र में पहुंच जाए और कचरा कलेक्शन वाहन निर्धारित रूट पर ही चले। साथ ही निर्देश दिए कि शहर के शौचालय एवं मूत्रालयों का सिविल वर्क करायें तथा सुनिश्चित करें कि प्रतिदिन सफाई भी हो।

**रसीद कट्टे एवं जुर्माने की राशि सात दिवस में जमा करने के निर्देश**

बैठक में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय को डब्ल्यूएचओ द्वारा जुर्माने के रसीद कट्टा एवं राशि जमा न करने की जानकारी मिलने पर काफी नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया अगर सात दिवस में डब्ल्यूएचओ द्वारा रसीद कट्टा जमा नहीं किया जाता है तो संबंधित के वेतन से राशि काटी जाए फिर भी सुधार नहीं होता है तो इंक्रीमेंट रोकें तथा एफआईआर करायें।

# ग्वालियर चिड़ियाघर में आये चार नए मेहमान

## एक मादा भालू एवं एक नर, दो मादा चौसिंगा



**ग्वालियर।** ग्वालियर चिडियाघर में पेण्डारी प्राणी उद्यान, बिलासपुर से एक मादा भालू एवं एक नर, दो मादा चौसिंगा नए मेहमान आये हैं। चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उपेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा वन्यप्राणी विनिमय प्रस्ताव अन्तर्गत नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गांधी प्राणी उद्यान, ग्वालियर से दिनांक 24.06.2025 को एक दल जिसमें चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उपेन्द्र सिंह यादव, क्यूरेटर श्री गौरव परिहार, जू-कीपर श्री योगेन्द्र सिंह दण्डौतिया, श्री शिवकुमार पाल, श्री अमित देवस्थली एवं सहायक 06 कर्मचारी सहित कानन पेण्डारी प्राणी उद्यान, बिलासपुर से वन्यप्राणी जिसमें एक मादा भालू एवं एक नर, दो मादा चौसिंगा लेने हेतु रवाना हुये थे, जो कि आज शनिवार दिनांक 28.06.2025 को गांधी प्राणी उद्यान, चिड़ियाघर ग्वालियर में आ चुके हैं, वर्तमान में उक्त वन्यप्राणी स्वस्थ्य हैं एवं उनकी पृथक कॉल में रखकर निरंतर देखरेख की जा रही है।

# नाकाचंद्रवनी चौराहे से निडम ब्रिज चौराहा तक मुख्य मार्ग पर यातायात में अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं फुटपाथियों को हटाया




**ग्वालियर।** शहर में सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख मार्केट एवं सडकों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन तथा उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान के दिये गए निर्देश के पालन में पूर्व विधानसभा अंतर्गत नाकाचंद्रवनी चौराहे से निडम ब्रिज चौराहा तक मुख्य मार्ग पर यातायात में अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं फुटपाथियो को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि ठेला आदि लगा कर किसी प्रकार का अतिक्रमण न किया जावे, अन्यथा मदाखलत विभाग द्वारा सामान जब्त कर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय एवं जयारोग्य हॉस्पिटल के मुख्य द्वार पर कुछ व्यक्तियों द्वारा हाथ ठेला एवं गुमटी लगा कर अस्थाई अतिक्रमण किया गया था। जिसको कार्यवाही कर हाथ ठेला गुमटी काउंटर सिलेंडर आदि सामान जप्त किया जाकर उक्त दोनों स्थलों के मुख्य द्वार से अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। उक्त कार्यवाही मदाखलत निरीक्षक श्री विशाल जाटव एवं मदाखलत अमले द्वारा की गई।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिए किया श्रमदान



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राकृतिक जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने के का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत दशकों पुरानी बावड़ी, कुआं, तालाब तथा अन्य जल स्रोतों की सफाई का काम किया गया तथा इनके आस-पास जो गंदगी, गाजर घास तथा अतिक्रमण कर लिया गया था उसे दूर किया गया। इस अभियान का उद्देश्य है कि पानी के प्राकृतिक जल स्रोतों को फिर से उपयोग में लाया जाए, इसके लिए बरसात का जल इनमें सहेजने का प्रयास किया जा रहा है। आईईसी के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निगम की सहयोगी संस्था म्यूज एवं डिवाइन बावड़ियों की साफ सफाई करवाई गई। जिसमें हनुमान बांध, चामुंडा माता मंदिर कोटेश्वर मंदिर, डॉ.कॉल हॉस्पिटल के पास नया बाजार की बावडियों की साफ सफाई कराकर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# हरियाली के रंग स्वच्छता के संग के अंतर्गत ड्रॉइंग प्रतियोगिता बाल भवन में आज




**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा आमजन, युवा एवं बच्चों को स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 29 जून 2025 को प्रातः 10:00 बजे से बाल भवन में हरियाली के रंग स्वच्छता के संग ड्राइंग एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी आईईसी श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार हरियाली के रंग स्वच्छता के संग कार्यक्रम का आयोजन 29 जून को बाल भवन में आयोजित किया जा रहा है। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में पर्यावरण और स्वच्छता-जल जमीन और वायु थीम पर ड्रॉइंग बनाई जाएंगी। प्रतियोगिता में जूनियर (05 वर्ष-14 वर्ष) एवं सीनियर (14 वर्ष से ऊपर ओपन केटेगरी) रहेगी। ड्रॉइंग प्रतियोगिता प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं वेस्ट टू आर्ट दोपहर 1.00 बजे से 3.00 बजे तक, सांस्कृतिक संध्या दोपहर 3.30 बजे से 6.30 बजे तक एवं स्थल पर पंजीकरण प्रातः 09:00 बजे से 10:00 बजे तक किया जाएगा। आकर्षक पुरस्कार और प्रमाण पत्र सभी प्रतिभागियों के लिए हैं।

# खरीफ सीजन की फसलों के लिये जिले में पर्याप्त उर्वरक की उपलब्धता

## कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कर रहे हैं निगरानी



**ग्वालियर।** खरीफ सीजन की फसलों के लिये जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। जिले में प्राप्त रैकों के माध्यम से किसानों को निरंतर खाद की उपलब्धता कराई जा रही है। वर्तमान में जिले में 15,500.00 मे.टन यूरिया, 7,700.00 मे. टन डीएपी, 6,200.00 में. टन एन.पी. के. एवं 7,800.00 में टन एस.एस.पी. खाद की उपलब्धता जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित कराई जा चुकी है तथा जिले में एक अप्रैल से अब तक सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में कुल 6,538.00 मेंटन यूरिया 3,941.00 में. टन डीएपी एवं 1,003.00 मे.टन एन.पी.के. खाद का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। वितरण उपरान्त जिले में 8,765.00 में. टन यूरिया, 3,814.00 में. टन डीएपी एवं 5,263.00 में टन एनपीके तथा 600.00 मे.टन टी.एस.पी. तथा एस.एस.पी. 6,496.00 मे.टन शेष भंडारित है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में प्राप्त आगामी रैकों निरंतर खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जावेगी । कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अपने ङ्ग अपने क्षेत्र की खाद-बीज विक्रय दुकानों का निरीक्षण भी किया गया है। दुकानदारों को अपनी दुकान के बाहर रेट लिस्ट प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में कृषकों द्वारा खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई प्रारम्भ कर दी गई है। इस हेतु किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में उर्वरकों का उठाव किया जा रहा है। जिले में सहकारी क्षेत्र में विपणन संघ के 06 भंडारण केन्द्रों, 02 मार्केटिंग समिति व 72 सहकारी समितियों के अतिरिक्त निजी क्षेत्र में 40 थोक विक्रेता एवं 350 फुटकर विक्रेताओं के माध्यम से उर्वरक विक्रय किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में प्राप्त रैकों के माध्यम से निरंतर खाद की उपलब्धता एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। खरीफ सीजन में जिले में गत वर्ष 44,000.00 मे.टन यूरिया 14,900.00 मे.टन डीएपी एवं 4 6,600.00 में. एन पी के खाद का वितरण निजी एवं सहकारी क्षेत्र के माध्यम से किया गया था। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष जून 2024 तक जिले में 8,625.00 मे.टन यूरिया, 3,611.00 मे.टन डीएपी, 367.00 में. टन एन.पी.के. खाद का वितरण कृषकों को किया गया था, जिसकी तुलना में इस वर्ष पर्याप्त मात्रा में खाद जिले में उपलब्ध है।

**जिले में इन विक्रय केन्द्रों पर कृषकों द्वारा किया जा सकेगा उपलब्ध खाद का उठाव**

सहकारी समिति- अजयगढ़, अकबई, आंतरि, आरोन बडागांव, बडेरा बुजुर्ग, बंधोली, बनवार, बरई बेहट, बेहटा, बिल्हाती, भेगना, भितरवार बिजोली, छीमक, चितावनी, डबका, दुबहा, गडाजर, घरसोंधी, गोहिंदा, गुन्धारा, इटमा, जड़ेरुआ, जमाहर, जखारा, झाडोली, कछोऊआ, करई, करहिया, करियावटी, खडवई, खेडापलायचा, मस्तुरा, मोहनगढ़, मोहना, पिछोर, पिपरौआ, पनिहार, रंनगवा, रेहट, सहोना, शुक्लहारी, सूखापठा, सुपवाली, तिघरा, उटीला मार्केटिंग समिति - भितरवार एवं मुरार । विपणन संघ के समस्त भंडारण केंद्र लक्ष्मीगंज, पुतलीघर, डबरा, सिंध डबरा, चीनोर एवं भितरवार, तथा निजी खाद विक्रेता समस्त । डीएपी खाद के सीमित उपयोग को बढावा देने हेतु डीएपी खाद के विकल्प के रूप में एन.पी. के /ए.पी.एस. तथा नैनो उर्वरकों (डीएपी एवं यूरिया) आदि के निरंतर उपयोग हेतु सभी किसान भाईओं से अपील की जाती है।

# क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ग्वालियर में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन



**ग्वालियर।** राजभाषा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ग्वालियर में वर्ष 2025-26 की प्रथम एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन संस्थान के धनवन्तरी सभागार में किया गया। कार्यशाला में कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान प्रभारी डॉ. बी. एस. सिसोदिया, सहायक निदेशक, संस्थान प्रभारी ने की। श्रीमती सपना अविनाश कोंडलकर, अनु.अधि. एवं प्रभारी हिन्दी अधिकारी द्वारा ÷ई- ऑफिस में हिन्दी का उपयोग÷ विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसके बाद कार्यालय अनुभाग से श्री अंकित मालवीय द्वारा इसी विषय पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। संस्थान प्रभारी ने कार्यशाला को सभी के लिए मौलिक रूप से उपयोगी बताया और सभी को ई- ऑफिस में कार्य करते हुए भी शत- प्रतिशत कार्य हिंदी में बनाये रखने का निर्देश दिया। संस्थान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने न केवल उत्साहपूर्वक कार्यशाला में भाग लिया बल्कि अपने प्रश्नों और कठिनाइयों के हल भी प्राप्त किये। राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विमानतल पर हुआ आत्मीय स्वागत

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को दोपहर वायुयान द्वारा ग्वालियर विमानतल पधारे। विमानतल पर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत हुआ। उनके साथ प्रदेश के कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना एवं ग्वालियर सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह भी पधारे। विमानतल पर नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी व श्री कमल माखीजानी सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। विमानतल पर संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, डीआईजी श्री अमित सांघी व नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने अगवानी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर विमानतल से हैलीकॉप्टर द्वारा टेकनपुर हैलीपेड पहुँचे। टेकनपुर में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने अगवानी की।



# डॉ. भीमराव अम्बेडकर के समाज हित में किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## डॉ. अम्बेडकर धाम के द्वितीय चरण का कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ

## मुख्यमंत्री ने जौरासी में निर्मित अम्बेडकर धाम का किया अवलोकन

**भोपाल/ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज हित में जो कार्य किए गए हैं उनका हम स्मरण करते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के नाम से स्मारक बनाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इसके द्वितीय चरण के विकास कार्यों का भूमिपूजन शीघ्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को ग्वालियर के जौरासी में निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम का अवलोकन करते हुए यह बात कही। डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम के अवलोकन के अवसर पर कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में निर्मित किए जा रहे बाबा अम्बेडकर धाम के द्वितीय चरण का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। मेरे साथ केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह सहित वरिष्ठजन भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज में किए गए कार्यों को सदैव याद किया है। हमने मऊ में डॉ. अम्बेडकर के भव्य स्मारक का निर्माण कराया और हर साल अम्बेडकर की जयंती पर वहाँ कुंभ लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। ग्वालियर के जौरासी में भी डॉ. अम्बेडकर धाम का भव्य निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जौरासी में निर्मित अम्बेडकर धाम में डिजिटल लाइब्रेरी, म्यूजियम, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि का निर्माण किया जा रहा है। धाम के द्वितीय चरण में अन्य आधुनिक सुविधाओं को भी जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अम्बेडकर धाम पहुँचकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों का स्मरण किया।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर के समाज हित में किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री

## डॉ. अम्बेडकर धाम के द्वितीय चरण का कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ

## मुख्यमंत्री ने जौरासी में निर्मित अम्बेडकर धाम का किया अवलोकन

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज हित में जो कार्य किए गए हैं उनका हम स्मरण करते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के नाम से स्मारक बनाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इसके द्वितीय चरण के विकास कार्यों का भूमिपूजन शीघ्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को ग्वालियर के जौरासी में निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम का अवलोकन करते हुए यह बात कही।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम के अवलोकन के अवसर पर कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में निर्मित किए जा रहे बाबा अम्बेडकर धाम के द्वितीय चरण का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा।



मेरे साथ केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह सहित वरिष्ठजन भूमिपूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज में किए गए कार्यों को सदैव याद किया है। हमने मऊ में डॉ. अम्बेडकर के भव्य स्मारक का निर्माण कराया और हर साल अम्बेडकर की जयंती पर वहाँ कुंभ लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। ग्वालियर के जौरासी में भी डॉ. अम्बेडकर धाम का भव्य निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जौरासी में निर्मित अम्बेडकर धाम में डिजिटल लाइब्रेरी, म्यूजियम, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि का निर्माण किया जा रहा है। धाम के द्वितीय चरण में अन्य आधुनिक सुविधाओं को भी जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अम्बेडकर धाम पहुँचकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों का स्मरण किया।

# संयम यात्रा आज निकलेगी, तेरापंथ धर्मसंघ की साध्वी स्वर्णरेखा जी ठाणा 4 मा.स का मंगल प्रवेश चातुर्मास के ।लिए होगा।

**ग्वालियर।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी की विदुषी सुशिष्या साध्वी श्री स्वर्णरेखा जी, साध्वी श्री स्वस्तिकाश्री जी, साध्वी श्री सुधांशुप्रभा जी, साध्वी श्री गौतमयशा जी) का ग्वालियर नगर में चातुर्मास होगा। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मण्डल ग्वालियर की ओर से 29 जून रविवार को भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश संयम यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जायेगी। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन एवं सचिव मुकेश छाजेड़ ने बताया कि संयम यात्रा 29 जून रविवार को सुबह प्रातः 7÷ 45 पर सी 63 समाधियां कालोनी स्थित अशोक-वीणा बैद के निवास से प्रारंभ होकर, तारागंज, बाड़ा, सराफा बाज़ार, पारख जी का बाड़ा, दौलतगंज होते हुए दौलतगंज स्थित तेरापंथ भवन घोरपुड़े का बाड़ा में प्रवेश करेगी। संयम यात्रा में तेरापंथ धर्मसंघ के श्रावक सफेद पोशाक एवं श्राविकाएं केसरिया परिधान में सम्मिलित होगी। यात्रा में ढोल ताशे के साथ बालक बालिकाएं हाथों में जैन ध्वज लेकर चलेगी। संयम यात्रा कार्यक्रम स्थल तेरापंथ घोरपड़े का बाड़ा पहुंचने पर साध्वी स्वर्णरेखा जी के मंगल आशीष वचन होगे। ग्वालियर में यह चातुर्मास आयोजन आध्यात्मिक साधना, नैतिक शिक्षा, संयमित जीवन एवं सामूहिक आत्मिक उत्थान का प्रभावशाली माध्यम बनेगा।

# संपादकीय

## युद्ध की भूमिका बना रहे आतंकी

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पांच घाटी जिलों में छापामारी कर तीन सौ राइफलें व अन्य हथियार बरामद किए। इसके साथ ही जबरन वसूली करने वाले प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना व असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने विस्फोटकों व अन्य युद्ध सामग्री बरामद की। इसमें 151 एसएलआर राइफलें, 65 इंसास राइफलें, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, बारह हल्की मशीन गनें, पांच कार्बाइन गन, दो एमपी-5 गन, छह एके सीरीज राइफलें, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौलें, दो फ्लेयर बंदूकें, दस ग्रेनेड, सात डेटोनेटर व एक एआर-15 समेत कुल 328 बंदूकें व राइफलें बरामद कीं। यह खुफिया ऑप्रेशन मणिपुर में समान्य स्थिति बहाल करने, सार्वजनिक व्यवस्था कायम करने, नागरिकों व उनकी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिहाज से किया गया। राज्य की पुलिस ने आम जनता से व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध हथियारों से जुड़ी सूचना तत्काल नजदीकी पुलस स्टेशन या केंद्रीय निरीक्षण केंद्र को राज्य में सामान्य देने की अपील की है। जब्त किया गया जखीरा देख कर कहा जा सकता है कि आतंकी युद्ध की भूमिका बना रहे हैं। उनका असल मकसद कुकी व मैतई विद्रोह के बीच फायदा उठाकर राज्य में अमन-चैन तबाह करना है। राज्य की सार्वजनिक व्यवस्था सुचारू बनाने व सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकारी प्रयास जारी हैं। लंबे अरसे से संघर्षरत राज्य में आम जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित है। बड़ी संख्या में लोग पड़ोसी राज्यों में पलायन कर चुके हैं। रोजगार व आमदनी के साधन चरमरा चुके हैं। घर, दुकान, प्रतिष्ठानों कों बहुत क्षति पहुंची है। इतनी बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी आतंकियों/ उपद्रवियों के इरादों की द्योतक है। मगर सवाल यह भी है कि चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था व मुस्तैदी के दरम्यान ये अवैध हथियार कैसे राज्य की सीमा के भीतर पहुंच रहे हैं। सीमाओं पर सख्ती के अतिरिक्त घाटी वाले इलाकों पर सतर्कता जरूरी है। राजनीति से इतर इस संघर्ष को रोकने के तत्काल प्रयास बेहद जरूरी हैं। केंद्र द्वारा की जाने वाली उपेक्षा को लेकर पूर्वोत्तर राज्य हमेशा त्योरियां चढाये रहते हैं। इस पर विचार किया जाना चाहिए। इन छोटे राज्यों के विकास और स्थानीय युवाओं को राजगार देने जैसी मूल दिक्कतों का निस्तारण करने में लापरवाही हमेशा नकारात्मक नतीजे ही देने वाली साबित होगी।

## ध्रुव तारे की तरह चमक कर पुच्छल तारे की तरह लुप्त हुई शैफाली जरीवाला

(राकेश अचल-विनायक फीचर्स)

कांटा लगा फेम शैफाली जरीवाला के असमय निधन की खबर से मैं दुखी हूं। शैफाली गुजरात की बेटी लेकिन ग्वालियर की बहू थी। अपने जमाने के चर्चित शराब कारोबारी स्वर्गीय गुलजार सिंह के बेटे हरमीत की पत्नी थी शैफाली। ये रिश्ता हालांकि कुल पांच साल चला, किंतु रिश्ता तो रिश्ता होता है। शैफाली के ससुर और हरमीत के पिता सरदार गुलजार सिंह का अच्छा खासा रसूख था लेकिन उनके बेटों ने शराब कारोबार को अपनाने के बजाय संगीत को कैरियर बनाया और यहीं इनको शैफाली मिली। सरदार गुलजार सिंह इस शादी से खुश नहीं थे लेकिन बेटे की खुशी के सामने वे झुके। गुलजार को पता था कि ये शादी चलेगी नहीं, और हुआ भी वही, पांच साल में ही ये शादी टूट गई।

मुझे सरदार गुलजार सिंह ने ही शैफाली से मिलाया था। सोणी लडकी थी, लेकिन वो गुलजार के परिवार को गुलजार नहीं कर पायी। शैफाली ग्लैमर की दुनियां में ध्रुव तारे की तरह चमकी और पुच्छल तारे की तरह लुप्त भी हो गई। शैफाली ने म्यूजिक वीडियो भी बनाए और कुछ फिल्मों में काम भी किया था। शैफाली के हिस्से में छोटा आकाश आया। मेरी बेटी की उम्र की थी शैफाली। उसमें प्रतिभा, संघर्ष और काम के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं थी, लेकिन उतावलापन उसे ले डूबा। शेफाली जरीवाला को 2002 में म्यूजिक वीडियो ÷कांटा लगा÷ से व्यापक प्रसिद्धि मिली, जिसके बाद उन्हें ÷कांटा लगा गर्ल÷ के नाम से बने एक म्यूजिक एलबम में काम मिला। शेफाली का जन्म अहमदाबाद, में एक गुजराती परिवार में हुआ था। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल, गुजरात से स्कूली शिक्षा पूरी की और सरदार पटेल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आनंद, गुजरात से इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बी.ई. की डिग्री हासिल की। शैफाली इंजीनियर बनने के बजाय कांटा गर्ल बन गई। 2002 में ÷कांटा लगा÷ म्यूजिक वीडियो में उनकी बोल्ड परफॉर्मेंस ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद उन्होंने ÷कभी आर कभी पार रीमिक्स÷ (2002), ÷माल भरी आहे ङ्क डीजे हॉट रीमिक्स÷ (2004), और ÷प्यार हमें किस मोड़ पे ले आया÷ (2006) जैसे अन्य म्यूजिक वीडियो में काम किया।

**फिल्म और टीवी**

शैफाली ने बॉलीवुड फिल्म ÷मुझसे शादी करोगी÷ (2004) में एक छोटी भूमिका निभाई और कन्नड़ फिल्म ÷हुडुगारु÷ (2011) में भी नजर आईं। 2018 में उन्होंने ऋ्र बालाजी की वेब सीरीज ÷बेबी कम ना÷ में मुख्य भूमिका निभाई और ÷बू सबकी फटेगी÷ में भी दिखाई दीं। इसके अलावा,उन्होंने रियलिटी शो



÷बूगी वूगी÷ (2008), ÷नच बलिए 5÷ और ÷नच बलिए 7÷ में अपने पति पराग त्यागी के साथ हिस्सा लिया। 2019 में वह ÷बिग बॉस 13÷ में वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में शामिल हुईं। 2024 में वह टीवी शो ÷शैतानी रस्में÷ में भी दिखाई दीं।

शेफाली इंस्टाग्राम पर @shefalijariwala के नाम से सक्रिय थीं, जहां उनके 3.2 मिलियन फॉलोअर्स थे, और ट्विटर @shefalijariwala पर उनके करीब 125.9द्म फॉलोअर्स थे। उनके पिता का नाम सतीश जरीवाला और मां का नाम सुनीता जरीवाला है, जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत थीं। उनकी एक बहन, शिवानी जरीवाला, दुबई में रहती हैं। शेफाली ने 2004 में मीत ब्रदर्स के संगीतकार हरमीत सिंह से शादी की, लेकिन 2009 में तलाक हो गया। उन्होंने हरमीत पर दुर्व्यवहार और मारपीट का आरोप लगाया था। बाद में, 12 अगस्त 2014 को उन्होंने टीवी अभिनेता पराग त्यागी से शादी की। शेफाली ने एक साक्षात्कार में बताया था कि 15 साल की उम्र में उन्हें पहली बार मिर्गी का दौरा पड़ा था। तनाव और चिंता के कारण ये दौरे बढ़ते थे, लेकिन व्यायाम और जीवनशैली में बदलाव से वह दौरे से मुक्त रही थीं और अवसाद से भी जूझती थीं।

## छत्तीसगढ़ के खेल सितारे पहुंच रहे हैं, मैदान से मेडल तक

हीरा देवांगन

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विश्वस्तरीय खेल अधोसंरचना और खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन की बदौलत देश के खेल क्षितिज में छत्तीसगढ़ का नाम तेजी से उभर रहा है, इसके चलते नए-नए खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखा रहे हैं। राज्य के खिलाड़ियों को मैदानों से निकलकर मेडल तक का सफर तय करने में अब कम वक्त लग रहा है। इसका हालिया उदाहरण बैडमिंटन में आकर्षी कश्यप का है, जिन्होंने अपनी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेरी है। छत्तीसगढ़ में उपलब्ध सुविधाओं को देखते हुए बीसीसीआई ने दो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के आयोजन की घोषणा की है। पहली बार नवा रायपुर स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दो महीने के भीतर दिसंबर एवं जनवरी माह में भारत दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय वन डे एवं टी-20 मैच खेलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता को 3 करोड़ रूपए, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ रूपए और कास्य पदक विजेता को 1 करोड़ रूपए दिए जाने की घोषणा की है। एक समय में क्रिकेट में राजेश चौहान, हॉकी में सबा अंजुम सहित अनेक खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई थी। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान में क्रिकेट में शशांक सिंह और अमनदीप तथा हॉकी में रेणुका यादव, जैसे चमकते सितारे छत्तीसगढ़ से हैं। राज्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट स्टेडियम, हॉकी स्टेडियम, स्विमिंग पुल जैसी सुविधा उपलब्ध है तथा बैडमिंटन अकादमी निर्माणाधीन है। केंद्र सरकार की खेलो इंडिया और स्पोर्टस ऑथारिटी ऑफ इंडिया के साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए प्रदेश में एक मज़बूत ढांचा खड़ा किया जा रहा है। रायपुर स्थित तीरंदाजी और बालिका हॉकी अकादमी में 80 खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण, आवास, भोजन और शिक्षा की सुविधा दी जा रही है। गैर-आवासीय अकादमियों में 130 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। बिलासपुर स्थित बहतराई केंद्र को भारत सरकार द्वारा स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया गया है, जहां 180 खिलाड़ी हॉकी, एथलेटिक्स, तीरंदाजी और कबड्डी में अभ्यासरत हैं। साथ ही, शिवतराई स्थित उपकेंद्र में 45 खिलाड़ी तीरंदाजी की बारीकियाँ सीख रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की चमक बढ़ी है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स और पैरा गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 2024 में तमिलनाडु में हुए 6वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 7 पदक जीते। दिल्ली में हुए पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 7 पैरा-खिलाड़ियों ने 5 पदक जीते। बिहार में 2025 में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों ने 14 पदक छत्तीसगढ़ के नाम किए। गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में 72 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 25 पदक जीते, जबकि उत्तराखंड में हुए 38वें नेशनल गेम्स में 58 खिलाड़ियों ने 16 पदक अर्जित किए। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेल अधोसंरचना को बढ़ाने के लिए रायगढ़ और कुनकुरी में इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्वीकृति दी गई है। बलौदाबाजार में 14 करोड़ रुपये के इंडोर स्टेडियम और नवा रायपुर में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का कार्य जारी है। तिल्दा-नेवरा, मोपका में बहुद्देशीय हॉल और बलौदाबाजार में 8-लेन सिंथेटिक ट्रैक बन रहे हैं, जो खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा देंगे।

## शब्द सामर्थ्य - 093


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 092 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू- दोकू क्र.093

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.092 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। व्यापार में लाभ की स्थिति बढ़िया रहने वाली है, घर में खुशी भरा माहौल रहेगा। आज आपके घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, परिवार में चहल- पहल बनी रहेगी। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। छात्र जीवन से संबधित समस्या का समाधान होगा, सीनियर का सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों को आज एक नयी दिशा में कार्य करने का मौका मिलेगा। समाज के द्वारा आज आपको प्रोत्साहन राशि की प्राप्ति हो सकती है।

**वृषभ**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको सगे-संबधियों से शुभ समाचार मिलेगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों से स्नेह मिलेगा। व्यापार में धन लाभ होगा, अत्यधिक खर्च से आज आपको बचना चाहिए। स्वास्थ्य संबधी समस्या दूर होगी, जिससे आज आप अपने काम को दोगनी रफ़्तार से करेंगे। देवी लक्ष्मी की कृपा से रुके हुए कार्यों को गति मिलेगी। अविवाहित व्यक्तियों के लिए आज का दिन खास है, आज आपको एक अच्छे रिश्ते का प्रस्ताव मिलने की संभावना बन रही है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम साबित होगा। आज आपके ऊपर गुरु का आशीर्वाद बना रहेगा, जिससे आपके बिगड़े काम बनेंगे। प्रॉपर्टी डीलर का काम करने वालों को आज बढ़िया डील मिलेगी। रिश्तो में चल रही अनबन में सुधार होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, आज उनको अच्छे स्कूल कॉलेज में एडमिशन मिल सकता है। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों का स्थान परिवर्तन हो सकता है, सीनियर का सहयोग मिलेगा।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको इलेक्ट्रोनिक बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों से जुडी समस्या का समाधान मिलेगा। अभिनय क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज अनुभवी लोगों का साथ मिलेगा। आज आप किसी सांस्कृतिक सम्मलेन में भाग ले सकते हैं। रिसर्च की दुनिया में आज आप कमाल का अनुभव करेंगे। आज आपको अपने ऑफिस में नए लोगों से मिलकर अच्छा लगेगा। आज आपको किसी दोस्त से उपहार की प्राप्ति हो सकती है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। व्यापारिक दृष्टि से आपके लाभ की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। आज आपकी दिनचर्या में थोड़ी व्यस्तता बनी रहेगी, जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। जमीन ङ्क जायदाद से जुड़े किसी मसले का समाधान हो सकता है। सामाजिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत होगी, जिससे राजनीति में आप आगे बढ़ेंगे। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे मिलने के बाद आपमें एक नई सोच आएगी। देवी लक्ष्मी की आराधना करें, सब ठीक होगा।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज आप जो भी करेंगे उसमें आपको बेहतरीन सफलता मिलेगी। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, परिवार के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। नौकरी का इन्तजार का कर रहे व्यक्तियों को आज बढ़िया ऑफर मिल सकता है। आज आपको किसी व्यक्ति से धन की प्राप्ति होगी। सामाजिक मुद्दों को उठाने वाले लोग आज नये आयाम को स्थापित करेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा, रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो भी व्यक्ति राजनितिक जीवन की शुरुआत करना चाहते है, आज उनको बढ़िया मौका मिलेगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा, परिवार में खुशियां बनी रहेगी। नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे , दोस्तों से सहयोग प्राप्त होगा। आज आपकी रूचि अध्यात्म में ज्यादा रहेगी, जिससे आज आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा। आज आप लोग किसी नये काम की शुरुआत कर सकते है। शिक्षकों को अपने सीनियर से मान सम्मान की प्राप्ति होगी। रुके हुए कार्यों को गति मिलेगी, जिससे सामाजिक स्तिथि मजबूत होगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपना ज्यादा समय पढ़ने-लिखने में बिताएंगे। हास्य कलाकारों को आज अपनी कला को निखारने का अच्छा अवसर मिलेगा। जो व्यक्ति प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करना चाहते हैं, आज उनको बढ़िया ऑफर मिलेगा। व्यापार में धन लाभ होगा, पारिवारिक स्थिति अच्छी रहेगी। महिलाओं के लिए आज का दिन खास होने वाला है, आज आप अपने लिए समय निकालेंगी। आज आपकी मुलाकात दोस्तों से हो सकती है, पुरानी यादें तरोताजा होंगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए बेहद खास होने वाला है। सोने-चांदी का बिजनेस करने वालों को आज बड़ा धन लाभ होगा। पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा, बच्चों के साथ पिकनिक मनाने कहीं बाहर जा सकते है। विदेश में रह रहे व्यक्तियों को घर आने का मौका मिलेगा। आज आप समय का सदुपयोग करते हुए कार्य को आगे बढ़ाएंगे। शादीशुदा लोगों को आज ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। आज आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट में बड़ी सफलता प्राप्त होगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। आज आपको अचानक किसी व्यक्ति के माध्यम से बड़ा धन लाभ होगा। जिससे आपकी जिन्दगी बदल जाएगी, आप सोच में पड़ जायेंगे कि ये सब कैसे हो गया। रिश्तों में मधुरता आएगी, बच्चों के प्रति सवेंदनशील रहेंगे। आज आपमें एक अलग ही उर्जा का संचार होगा, रोज की अपेक्षा आज आप बेहतर स्थिति में होंगे। डिजिटल दुनिया से जुड़े व्यक्तियों को आज एक ऊँचा मुकाम हासिल होगा। आज आपकी मुलाकात किसी आध्यात्मिक व्यक्ति से हो सकती है, जिससे मिलकर आप धन्य हो जायेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा , भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, आर्थिक स्तिथि में सुधार होगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बनी रहेगी , बच्चों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हए व्यक्तियों को आज पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। छात्र जीवन से जुडी समस्याओ का समाधान होगा, उनको अपने सीनियर का सहयोग मिलेगा। म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को आज किसी प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहने वाला है। व्यापारिक दृष्टिकोण से व्यापार में लाभ की स्थिति ठीक रहेगी। रिश्तों में चल रही अनबन में सुधार होगा, घर परिवार में ख़ुशी बनी रहेगी। राजनीति से जुड़े व्यक्तियों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। काम के सिलसिले में आपको अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है। आज ऑफिस में बॉस आपकी तारीफ करेंगे , सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, संतुलित भोजन ग्रहण करें। जो भी व्यक्ति नए काम की शुरुआत करना चाहतें है , आज उनके लिए बढ़िया दिन है।

# देवी की अद्भुत अदालत जहां हर एक को मिलता है न्याय

(रमाकान्त पन्त-विभूति फीचर्स)

**हिमालय की पावन भूमि जनपद पिथौरागढ़ के पांखू नामक क्षेत्र में स्थित कोकिला देवी का दरबार भक्त जनों के लिए माता भवानी की ओर से उनकी कृपा की अलौकिक सौगात है । कोकिला कोटगाड़ी देवी को न्याय की देवी के रुप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। जिस किसी को भी कहीं से जब न्याय की उम्मीद नहीं रह जाती है, तो वह कोटगाड़ी देवी की शरण में जाकर न्याय की गुहार करता है, यह भी मान्यता है,कि कोटगाड़ी देवी उसे अवश्य ही न्याय दिलाती है। कार्यो की सिद्वियों के लिए इनकी शरणागति सब प्रकार से मनोवांछित फल प्रदान करने वाली कही गयी है, मंदिर में फरियादों के असंख्य पत्र न्याय की गुहार के लिए लगते रहते रहे है, दूर-दराज से श्रद्धालुजन डाक द्वारा भी मंदिर के नाम पर पत्र भेजकर मनौती मागते है, तथा मनौती पूर्ण होने पर दर्शन के लिए यहां अवश्य आते है।**

यह दंत कथा भी काफी प्रसिद्व है कि माता के प्रभाव से आजादी के पूर्व अंग्रेजों के शासन काल में एक जज ने जटिल यात्रा कर यहां पहुंचकर देवी से क्षमा याचना की। इसके पीछे कारण बताया जाता है कि क्षेत्र के एक निर्दोष व्यक्ति को जब अदालत से भी न्याय नहीं मिला तो सामाजिक दंश से आहत होकर खुद को निर्दोष साबित करने के लिए करुण पुकार के साथ उसने भगवती कोटगाड़ी के चरणों में विनती की भक्त की। करुण विनती के फलस्वरुप चमत्कारिक घटना के साथ कुछ समय के बाद जज ने यहां पहुंचकर उसे निर्दोष बताया। इस तरह के एक नहीं सैकड़ों चमत्कारिक किस्से देवी के इस दरबार से जुड़े हुए हैं। हिमालय के देवी शक्ति पीठों में कोकिला माता का महात्म्य सबसे निराला है, सिद्वि की अभिलाषा रखने वाले तथा ऐश्वर्य की कामना करने वाले लोगों के लिए भी यह स्थान त्वरित फलदायक है, देवी के उपासक इन्हें विश्वेश्वरी, चन्द्रिका, कोटवी, सुगन्धा, परमेश्वरी , चण्डिका, वन्दनीया, सरस्वती, अभया प्रचण्डा, देवमाता, नागमाता, प्रभा आदि अनेक नामों से पुकारते है।

मंदिर के समीप ही अनेक पावन व सुरम्य स्थल मौजूद है। इस पौराणिक मंदिर में शक्ति कैसे और कब अवतरित हुई इसकी कोई प्रमाणिक जानकारी नहीं हो है ,दंत कथाओं में कई भक्त मानते है, कि यह देवी नेपाल से यहां आई है इनके विश्राम स्थल अनेक स्थानों पर है, जहां नित्य इनकी पूजा होती है। कोट का तात्पर्य अदालत से माना जाता है, पीड़ितों को तत्काल न्याय देने के कारण ही इस देवी को न्याय की देवी माना जाता है, और इसी भाव से इनकी पूजा प्रतिष्ठा सम्पन कराने की परम्परा है। एक अन्य प्राचीन कथा के अनुसार जब




योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने बालपन में कालिया नाग का मर्दन किया और उसे जलाशय छोड़ने को कहा तो कालिया नाग व उसकी पत्नियों ने भगवान कृष्ण से क्षमा याचना कर प्रार्थना की कि, हे प्रभु हमे ऐसा सुगम स्थान बताये जहां हम पूर्ण रूप से सुरक्षित रह सके तब भगवान श्री कृष्ण ने इसी कष्ट निवारिणी माता की शरण में कालिया नाग को भेजकर अभयदान प्रदान किया था।

कालिया नाग का प्राचीन मंदिर कोटगाड़ी से थोड़ी ही दूरी पर पर्वत की चोटी पर स्थित है जिसे स्थानीय भाषा में काली नाग की चोटी कहते है। बताते है कि पर्वत की चोटी पर स्थित इस मंदिर को कभी भी गरुड़ आर-पार नहीं कर सकते ऐसी परमकृपा है। लोक मान्यताओं के अनुसार किसी ग्वाले की सुन्दर गाय इस शक्ति पर आकर अपना दूध स्वयं दुहाकर चली जाती थी, ग्वाले का परिवार बेहद अचम्भे में रहता था, कि आखिर इसका दूध कहां जाता है। इस प्रकार एक दिन ग्वाले की पत्नी ने चुपचाप गाय का पीछा किया जब उसने यह दृश्य देखा तो धारधार शस्त्र से उस शक्ति पर वार कर डाला इस प्रहार से खून की तीन धाराएं बह निकली जो क्रमशः पाताल, स्वर्ग व पृथ्वी पर पहुंची। पृथ्वी पर खून की धारा प्रतीक स्वरुप यहां देखी जा सकती है। वार वाले स्थान पर आज भी कितना ही दूध अर्पित किया जाए, दूध शोषित हो जाता है। कालिया नाग मंदिर के दर्शन स्त्रियों के लिए अनिष्टकारी माने जाते है, जिसे श्राप का प्रभाव कहा जाता है। मंदिर के पास ही माता गंगा का एक पावन जल कुण्ड है, मान्यता है, कि ब्रह्म मुहूर्त में माता कोकिला इस जल से स्नान करती है।

सच्चे श्रद्वालुओं को इस पहर में यहां पर माता के वाहन शेर के दर्शन होते है, इस प्रकार की एक नहीं सैकड़ों दंत कथाएं इस शक्तिमयी देवी के बारे प्रचंलित है, जो माता कोकिला के विशेष महात्मय को दर्शाती है।

इस दरबार में माता कोकिला के साथ बाण मसूरिया, उडर, घषाण आदि अन्य देवताओं की पूजा भी की जाती है स्थानीय गांव के पुजारी पाठक मंदिर में पूजा अर्चना का कार्य सम्पन करते है। भण्डारी, गोलू चोटिया व वाण के पुजारी कार्की लोग है। कुमाऊ मण्डल में जनपद नैनीताल के हरतोला क्षेत्र में स्थित कोकिला वन की कोकिला माता इन्हीं का रुप मानी जाती है। दारमा घाटी के कनार क्षेत्र में भी माता विराजमान हैं। भक्तों का यह भी मत है, कि कत्यूर घाटी से इन्हें इनके भक्तजन चंद्रवंशी राजा लोग नेपाल को ले जा रहे थे लेकिन माँ को यह स्थान भा गया और वे यहीं स्थापित हो गयी। माता की कृपा से ही कालीय नाग को भद्रनाग नामक पुत्र की प्राप्ति हुई,भद्रनाग की महिमा का वर्णन मानस खण्ड के 51 वें अध्याय में आता है, इन्होंने माता भद्रकाली की घोर आराधना करके विशेष सिद्वियां प्राप्त की थी ।

माता कोकिला माता भद्रकाली के पूजन के साथ भद्रनाग व कालिया नाग के पूजन से सर्पभय दूर होता है। माता भद्रकाली का मंदिर बागेश्वर जनपद के कांडा नामक स्थान से कुछ ही दूरी पर स्थित है। यह भी अद्भुत क्षेत्र है, मन्दिर के नीचे गुफा है जिसमें शिव व शक्ति दोनों विराजमान है, कोकिला माता की छत्रछाया में विराजमान काली नाग को भी काली का परम उपासक माना जाता है। स्कंद पुराण में वर्णन आया है काली सम्पूज्यते विप्रा कालीयने महात्मना कुल मिलाकर कोकिला माता का दरबार श्रद्वा व भक्ति का संगम है, जो सदियों से पूज्यनीय है।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया ने खोला खाता

**नई दिल्ली, (ए.)।** पैट कमिंस की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 159 रन से जीत दर्ज की और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के चौथे चक्र की अंक तालिका में अपना खाता खोल लिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया उन टीमों में शामिल हो गया जिन्होंने इस साइकिल में अपने पहले अंक हासिल कर लिए हैं। इससे पहले बांग्लादेश, श्रीलंका और इंग्लैंड ने तालिका में खाता खोला था। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था, जबकि इंग्लैंड ने भारत को हराकर अंक अर्जित किए थे। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत ने डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में तस्वीर बदल दी है। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल पहले स्थान पर पहुंच गया है जबकि इंग्लैंड दूसरे स्थान पर खिसक गया है। दोनों टीमों के खाते में अभी 100 प्रतिशत पॉइंट्स हैं, लेकिन



ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद उनके नेट प्रतिशत और अंक तालिका की स्थिति मजबूत हुई है।

बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान टीम पर पूरी तरह दबदबा बनाया। हालांकि पहली पारी में वेस्टइंडीज ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में केवल 180 रन पर सिमट गया था और इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाकर 10 रन की मामूली बढ़त हासिल की थी।

मगर दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने दम दिखाया और 310 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 141 रन पर सिमट गई और मेहमान टीम ने मुकाबला 159 रन से जीत लिया। इस जीत ने ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में शुरुआती बढ़त दिला दी और डब्ल्यूटीसी अभियान को भी मजबूत शुरुआत दी।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की इस तालिका में अब ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर, इंग्लैंड दूसरे, बांग्लादेश तीसरे और श्रीलंका चौथे पायदान पर है। भारत, जो इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट हार गया था, पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। वेस्टइंडीज की टीम छठे स्थान पर है। वहीं गत चैंपियन साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने अभी तक इस चक्र में अपने अभियान की शुरुआत नहीं की है।

# श्रीलंका से करारी हार के बाद बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो का इस्तीफा

**कोलंबो, (ए.)।** कोलंबो में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को श्रीलंका के हाथों पारी और 78 रनों से करारी हार झेलनी पड़ी, जिससे टीम को दोहरा झटका लगा। एक तो उसने यह सीरीज 0-1 से गंवा दी, दूसरा बड़ा झटका कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो के इस्तीफे के रूप में सामने आया। मैच खत्म होते ही शान्तो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में टेस्ट कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया, जिससे बांग्लादेश क्रिकेट जगत में हलचल मच गई। गौर करने वाली बात यह है कि सीरीज के पहले टेस्ट में शान्तो ने दोनों पारियों में शतक लगाकर इतिहास रचा था और वह ऐसा करने वाले बांग्लादेश के पहले कप्तान बने थे। अचानक उनके इस फैसले ने फैन्स और टीम मैनेजमेंट को हैरानी में डाल दिया है। हालांकि शान्तो ने अपने फैसले की वजह भी साफ शब्दों में बताई।



मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शान्तों ने कहा कि वह अब टेस्ट टीम की कप्तानी जारी नहीं रखना चाहते क्योंकि यह फैसला उन्होंने टीम के हित में लिया है। उन्होंने कहा, ÷मैं अब टेस्ट प्रारूप में कप्तान के तौर पर काम नहीं करना चाहता। यह व्यक्तिगत नहीं है। मुझे लगता है कि इससे टीम को मदद मिलेगी।÷ उन्होंने तीनों प्रारूपों में अलग-अलग कप्तान रखने को लेकर भी चिंता जताई और कहा, ÷मुझे लगता है कि तीन कप्तान होना समझदारी नहीं है। मुझे नहीं पता कि बोर्ड इस बारे में क्या सोचेगा, लेकिन मैं उनके फैसले का समर्थन करूंगा। यह मेरा निजी निर्णय है।÷ मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की लेकिन पहली पारी में टीम 247 रन ही बना पाई। इसके जवाब में श्रीलंका ने 458 रन बनाकर मजबूत बढ़त हासिल की। पथुम निस्सानका ने शानदार 158 रनों की पारी खेली जबकि चंदीमल ने 93 और कुसल मेंडिस ने 84 रन बनाए। पहली पारी में ही श्रीलंका को 211 रनों की बढ़त मिल गई थी। दूसरी पारी में बांग्लादेश के बल्लेबाज पूरी तरह नाकाम रहे और टीम 133 रन पर सिमट गई। इस तरह श्रीलंका ने मुकाबला पारी और 78 रनों के बड़े अंतर से जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। श्रीलंका की इस जीत ने न सिर्फ सीरीज में उनकी श्रेष्ठता साबित की बल्कि बांग्लादेश के अंदरूनी हालात भी उजागर कर दिए, जहां कप्तान का अचानक इस्तीफा टीम के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर रहा है।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी बढ़ोतरी रही

**- सेंसेक्स 303 अंक उछलकर 84,058.90 अंक पर बंद - निफ्टी 8.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर बंद**

मुंबई (ईएमएस)। बीते कारोबारी सप्ताह के दौरान शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर और भारत और अमे?रिका के बीच जल्द ट्रेड होने की संभावना से बाजार में ?निवेशकों के सेंटीमेंट को मजबूती प्रदान की। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार के पांच कारोबारी ?दिनों में कारोबार इस प्रकार रहा- अमेरिका की ओर से ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर बमबारी के बाद मध्य पूर्व में बढ़े तनाव के बीच सोमवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 931.41 अंक गिरकर 81,476.76 पर खुला और दिन के कारोबार में 900 अंक से अधिक की गिरावट के बाद कुछ हद तक उबरकर 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर खुला और 287.55 अंक गिरकर 24,824.85 पर बंद हुआ। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इजरायल-ईरान युद्ध विराम की घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को जोरदार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 600 से ज्यादा अंक चढ़कर 82,534.61 पर खुला और 158.32 अंक उछलकर 82,055.11 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी-50 भी मजबूत शुरुआत के साथ 25,179.90 पर खुला और 72.45 अंक बढ़कर 25,044.35 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के चलते बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 426.79 अंक बढ़कर 82,481.90 पर खुला और 700.40 अंक उछलकर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 123.25 अंक चढ़कर 25,167.60 पर खुला और 200.40 अंक बढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार की गुरुवार को सपाट शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 163.27 अंक चढ़कर 82,918.78 पर खुला और 30 1,000.36 अंक चढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 64.35 अंक चढ़कर 25,309.10 पर खुला और 304.25 अंक बढ़कर 25,549.0 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 229.22 अंक चढ़कर 83,985.09 पर खुला और सेंसेक्स 303.03 अंक उछलकर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 73.5 अंक चढ़कर 25,622.50 पर खुला और 8.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर बंद हुआ।





लंदन में विंबलडन एईएलटीसी में चैंपियनशिप 2025 से पहले अभ्यास सत्र के बाद नृत्य करती यूएसए की कोको गौफ और आर्यना सबालेंका।

## देश का विदेशी ऋण बढ़कर 736.3 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई, (ए.)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि भारत का विदेशी ऋण मार्च 2025 के अंत तक 10 प्रतिशत बढ़कर 736.3 अरब डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 668.8 अरब डॉलर था। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में बाह्य ऋण एक साल पहले के 18.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 के अंत तक 19.1 प्रतिशत हो गया। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन वित्त वर्ष में मुद्रा बाजारों में कुछ उतार-चढ़ाव देखा गया और रुपए तथा अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के मूल्य में वृद्धि के कारण मूल्यांकन प्रभाव 5.3 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यदि मूल्यांकन प्रभाव को छोड़ दिया जाए, तो बाह्य ऋण में 67.5 अरब डॉलर के बजाय 72.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होती। आरबीआई ने कहा कि कुल ऋण में गैर-वित्तीय निगमों ने 261.7 अरब डॉलर, सरकार ने 168.4 अरब डॉलर और केंद्रीय बैंक को छोड़कर जमा स्वीकार करने वाले निगमों ने 202.1 अरब डॉलर का ऋण लिया। मार्च 2025 के अंत में, दीर्घकालिक ऋण 601.9 अरब डॉलर था और इसमें सालाना आधार पर 60.6 अरब डॉलर की वृद्धि हुई।

# सीएनजी और पीएनजी की घट सकती है कीमतें

**2-3 दिन में लिया जा सकता है फैसला**

**नई दिल्ली, (ए.)।** देशभर के सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को अगले दो-तीन ?दिन में राहत भरा समाचार ?मिल सकता है। बताया गया है ?कि अब गैस की कीमतें आपकी लोकेशन या गैस सोर्स से दूरी पर निर्भर नहीं करेंगी। पेट्रोलियम और नैचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएजीआरबी) ने नए यूनिफाइड टैरिफ फ्रेमवर्क को मंजूरी दे दी है, जिससे अब देश के अधिकतर हिस्सों में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की कीमतें घट सकती हैं। यूनिफाइड टैरिफ सिस्टम यानी अब तक देश को तीन टैरिफ जोन में बांटकर उपभोक्ताओं से अलग-अलग दरों पर शुल्क लिया जाता था। जो उपभोक्ता गैस ट्रांसपोर्ट नेटवर्क से ज्यादा दूर रहते थे, उन्हें ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते थे। लेकिन अब इस ढांचे को तीन से घटाकर दो जोन में बदलने की तैयारी है, जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वालों को ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद है। नई व्यवस्था में एक ही जोन के सभी उपभोक्ताओं को एक समान टैरिफ देना होगा, चाहे वो गैस स्टेशन के पास हों या दूर। इससे सीएनजी व पीएनजी की दरों में एकरूपता आएगी और ट्रांसपोर्ट दूरी पर आधारित महंगे शुल्क से मुक्ति मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले 2-3 दिनों में इस प्रस्ताव को लेकर आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

### सात दिन में 2,900 रुपए तक गिरा सोना, चांदी भी 1582 हुई सस्ती

**नई दिल्ली, (ए.)।** इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमती में कमजोरी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। 21 जून शनिवार को सोने की कीमत 98,691 प्रति 10 ग्राम थी, जो 28 जून को घटकर 95,784 प्रति 10 ग्राम पर आ गई यानी इस एक सप्ताह में सोने की कीमत में 2,907 की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी की कीमत में भी ?गिरावट आई है। 21 जून को यह 1,06,775 प्रति किलोग्राम थी, जो अब घटकर 1,05,193 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह चांदी 1,582 रुपए प्रति किलो सस्ती हुई है। वहीं दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450, मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300, कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 और चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 रुपए है।

# सुकन्या सहित छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर में होगा बदलाव

**- नई दरें वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए प्रभावी होंगी**

**नई दिल्ली, (ए.)।** सार्वजनिक भविष्य निधि योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र जैसी अन्य छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा 30 जून सोमवार को होने वाली है। नई दरें वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए प्रभावी होंगी। इस साल अब तक सुकन्या समृद्धि योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित डाकघर योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि पहली जुलाई 2025 से इसमें बदलाव हो सकता है। इस संभावना की वजह है भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में कटौती बताई जा रही है। आरबीआई ने सबसे पहले फरवरी में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती की। फिर अप्रैल में 25 आधार अंक की कटौती की गई और जून में 50 आधार अंक की कटौती हुई। अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती हो चुकी है। रेपो रेट में कटौती के जवाब में बैंकों ने सावधि जमा पर ब्याज दर में कमी कर दी है। कुछ बैंकों ने अपनी विशेष एफडी भी बंद कर दी हैं, जो एक निश्चित अवधि के लिए सामान्य बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर प्रदान करती थीं।




वर्तमान में पीपीएफ योजना में निवेशकों को 7.10 फीसदी की दर से ब्याज मिलता है। अनुमान जताया जा रहा है कि कई दशकों में पहली बार पीपीएफ की ब्याज दर सात फीसदी से भी नीचे जा सकती है। अप्रैल-जून 2025 तिमाही की शुरुआत से 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर औसत रिटर्न 6.30त्न रहा है। छोटी बचत योजनाओं के लिए गोपीनाथ कमेटी के फार्मूले में पीपीएफ की ब्याज दर पिछली तिमाही में औसत 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न से 25 आधार अंक अधिक रखा गया है। अगर इस फॉर्मूले को अपनाया गया तो जुलाई-सितंबर तिमाही में पीपीएफ की ब्याज दर 6.55 फीसदी हो सकती है। इसका मतलब कि पीपीएफ की ब्याज दर पांच दशक में पहली बार सात फीसदी के नीचे जा सकती है।



फीफा क्लब विश्व कप सॉकर फुटबॉल इंटर मियामी सीएफ प्रशिक्षण केंद्र, फोर्ट लॉडरडेल, फ्लोरिडा, यू.एस. में प्रशिक्षण के दौरान इंटर मियामी सीएफ के लियोनेल मेस्सी।

## टेस्ट मैच में टीम की गेंदबाजी से मोहम्मद शमी असंतुष्ट

**नई दिल्ली, (ए.)।** इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स के हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में टीम की गेंदबाजी से भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी असंतुष्ट हैं। भारतीय गेंदबाजों ने सभी पारियों में 4.5 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटाए जिसमें केवल जसप्रीत बुमराह ही प्रभावी दिखे। बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट लिए लेकिन दूसरी इनिंग में कोई विकेट नहीं ले पाए। इंग्लैंड ने 371 रन के लक्ष्य के जवाब में आखिरी दिन 350 रन बनाए और 5 विकेट से जीत दर्ज की। शमी ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, गेंदबाजी में अन्य भारतीय गेंदबाजों को बुमराह से बात करनी चाहिए और उनसे सीखना चाहिए। उन्हें उनके साथ योजना बनाने और उनका समर्थन करने के बारे में बात करनी चाहिए। अगर वे बुमराह का समर्थन करेंगे, तो हम आसानी से मैच जीत सकते हैं। अगर मैं पहले मैच की बात करूं, तो मुझे लगता है कि हमें गेंदबाजी में थोड़ा काम करने की जरूरत है। शमी ने शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा के विकेटों का खेल पर कोई प्रभाव ना पड़ने की भी बात की।

# हर गेंद पर चौका-छक्का नहीं जरूरी: शेफाली वर्मा

**सचिन से प्रेरित होकर मजबूत लौटीं**

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम में वापसी कर रहीं 21 वर्षीय शेफाली वर्मा ने स्वीकार किया है कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने अपनी बल्लेबाजी के नजरिए में बड़ा बदलाव किया। खराब फॉर्म के चलते बाहर होने के बाद शेफाली ने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की पारियां देख-देखकर यह समझा कि हर गेंद को उसकी मेरिट पर खेलना कितना जरूरी है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले बीसीसीआई के एक वीडियो में शेफाली ने कहा, ÷पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैंने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखीं और उनसे काफी प्रेरणा मिली।÷

शेफाली ने बताया कि सचिन को देखते हुए उन्हें अपने बचपन के दिन याद आ गए। ÷उस समय मैं उनका एक भी मैच मिस नहीं करती थी। इस बार मैंने उनके हर मैच को




फिर से देखा और सीखा कि अच्छी गेंद को सम्मान देना ही लंबी और अच्छी पारी खेलने की कुंजी है।÷ शेफाली का यह आत्मचिंतन उनके खेल में भी दिखा। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह वापस पक्की की।

हालांकि, यह सफर आसान नहीं रहा। शेफाली ने खुलासा किया कि पिछले साल टीम चयन से ठीक दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ा था, जिसने उनके लिए हालात और मुश्किल कर दिए। ÷जब भी आप टीम में वापसी करते हैं तो हालात मुश्किल होते ही हैं, लेकिन टीम के माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं फिर से टीम का हिस्सा बनी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के चयन से दस दिन पहले पापा को दिल का दौरा पड़ा था। उस समय मैं बेहद परेशान थी और मुझे समझ ही नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है।÷

शेफाली ने बताया कि बाहर रहने के दौरान उन्होंने अपनी फिटनेस पर भी काफी ध्यान दिया। ÷मैंने फिटनेस पर कड़ी मेहनत की। करीब 20-25 दिन बाद जब बल्ला हाथ में लिया तो बेहद अच्छा लगा और मुझे अलग ही ऊर्जा मिली। समय बहुत कुछ सिखा देता है। अब मेरा ध्यान सिर्फ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रहेगा, बाकी किस्मत पर छोड़ दूंगी।÷ शेफाली की ईमानदार स्वीकारोक्ति बताती है कि वह सिर्फ प्रतिभा ही नहीं बल्कि लगातार सीखने और खुद को बेहतर करने की चाहत भी रखती हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी ताकत होती है।

## जैन साध्वियों के आगमन के साथ ही पार्श्वनाथ मंदिर के भव्य ध्वजारोहण समारोह का हुआ शुभारंभ

### प्रथम दिन स्नात्र पूजा, श्रीसक्रस्तव अभिषेक, भक्तामर अनुष्ठान भक्तिभाव से हुआ रात्रि में होगी भजन संध्या



**शिवपुरी ब्यूरो।** प्रतिवर्ष की भांति पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर के तीन दिवसीय ध्वजारोहण समारोह का आज प्रसिद्ध जैन साध्वियों के आगमन के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं चातुर्मास हेतु प्रसिद्ध जैन साध्वी श्री अमित गुणा जी महाराज की सुशिष्याऐं पूज्य अमीपूर्णाश्रीजी, पूज्य अमीदर्शा श्रीजी, पूज्य अमीवर्षा श्रीजी, पूज्य मृदुपूर्णा श्रीजी, पूज्य अर्पणाश्रीजी, पूज्य जैनमपूर्णा श्रीजी पदविहार करते हुए आज सुबह शिवपुरी पहुंची। नगर प्रवेशोत्सव के शुभ अवसर पर झांसी तिराहे पर गवली एवं कलशों के द्वारा उनकी अगवानी की गई। गुरूवर्या श्री गुरूद्वारा चौराहा, राजेश्वरी मार्ग होते हुए व्हीटीपी स्कूल स्थित समाधी मंदिर श्री मुनिसुव्रत जिनालय पर पहुंची। जहां सकल जैन समाज ने उनका अभिनंदन किया और उनकी प्रेरणादायक उपस्थिति में ध्वजारोहण समारोह का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन स्नातक पूजा के पश्चात श्री शक्रस्तव अभिषेक मुनिसुव्रत जिनालय पर हुआ। इसके पश्चात भक्ताम्बर पाठ का अनुष्ठान किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में धर्मावलम्बियों ने भाग लिया। श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष तेजमल सांखला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 28 जून को शनिवार को रात्रि 8 बजे से कोर्ट रोड़ स्थित श्वेताम्बर जैन मंदिर पर बैतूल से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक धीरज बोथरा और विवेक बोथरा परमात्मा के चरणों में अपनी भक्ति प्रदर्शित करेंगे और माहौल को आध्यात्मिक रंग से परिपूरित करेंगे। श्वेताम्बर मूर्ति पूजक जैन समाज प्रतिवर्ष पार्श्वनाथ जैन मंदिर पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित करता है। इस वर्ष यह 35 वां ध्वजारोहण समारोह हैं जिसके लाभार्थी परिवार इंदरमल, तेजमल, दीपक, अशोक, रीतेश सांखला परिवार है। जैन साध्वियों की प्रेरणादायक उपस्थिति से ध्वजारोहण समारोह की गरिमामय चार चांद लग गए हैं। ध्वजारोहण समारोह के दूसरे दिन 7:15 बजे से 8:15 बजे तक स्नात पूजा, प्रातः 9 बजे से 18 अभिषेक पूजन और तत्पश्चात सामूहिक वात्सल्स का आयोजन होगा। 29 जून को ही दोपहर 2-15 बजे से परम गुरू भक्त इंदौर से पधारे श्री लवेश और हिमाशु बुरढ़ द्वारा दादा गुरूदेव का पूजन कराया जाएगा और पूजन पश्चात साधार्मिक वात्सल्य का आयोजन होगा। 29 जून को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ से पधारे भावेश भाई अपनी संध्या भक्ति प्रस्तुत करेंगे।

**अंतिम दिन ध्वजारोहण के साथ शोभा यात्रा रहेगी विशेष आकर्षण**

ध्वजारोहण समारोह का मुख्य आकर्षण 30 जून को रहेगा। जहां सुबह 7 बजे से स्नात पूजा और नवकारसी के पश्चात साध्वी भगवन का विधिवत चातुर्मास प्रवेश होगा। इसके पश्चात पार्श्वनाथ जैन मंदिर में ध्वजारोहण, भव्य वरघोढ़ा आदि के कार्यक्रम होंगे। नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसका स्थान-स्थान पर धर्मप्रेमियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। दादाबाड़ी तथा गुरू मंदिर पर भी लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम में मानव रहित विमान द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी।

## शराब का विक्रय करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार, आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

**शिवपुरी ब्यूरो।** कोतवाली थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब का विक्रय करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 126 क्वाटर देशी प्लेन शराब जब्त कर उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। शहर में जहरीली शराब विक्रय करने एवं पीने वालों की सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी।

युवा पीढ़ी द्वारा नशीले पदार्थों के सेवन करने से उनके भविष्य पर बुरा असर पडऩा एवं नशा के आदि व्यक्तियों द्वारा चोरी जैसी घटनाएं कारित करने की संभावना को देखते हुये नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले एवं नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया जिसके पालन में कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड द्वारा नशीले पदार्थों का विक्रय करने वाले एवं नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु टीमें गठित की गई।

गठित टीम द्वारा शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों से 6 आरोपी हरगोविंद पुत्र मिश्रीलाल कुशवाह उम्र 44 साल नि. बड़ौदी थाना कोतवाली जिला शिवपुरी, आकाश पुत्र सूरज आदिवासी उम्र 24 साल नि. वार्ड क्र0 16 बडौदी थाना कोतवाली जिला शिवपुरी, राकेश पुत्र श्यामलाल शिवहरे उम्र 44 साल नि. 27 नं. कोठी के पास लाल माटी थाना कोतवाली जिला शिवपुरी, सनी पुत्र राकेश राय उम्र 24 साल नि. नोहरी कला शिवपुरी, विनोद पुत्र खच्चूराम शिवहरे उम्र 32 साल नि. फतेहपुर शिवपुरी एवं कमरसिह पुत्र जीवनलाल धाकड़ उम्र 35 साल नि. फतेहपुर शिवपुरी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये अप.क. 445/25, 446/25, 447/25, 449/25, 450/25 एवं 451/25 धारा 34 (1) आवकारी एक्ट के पंजीबद्ध कर कुल 126 क्वाटर देशी प्लेन शराब के जप्त की।


शिवपुरी शहर को नशा मुक्त बनाने के लिये नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों पर कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व से में भी कार्यवाहियां की जा चुकीं है ऐसे व्यक्तियों पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड, उनि. सुमित शर्मा, प्रआर. अजेन्द्र परिहार, प्रआर. बाबूलाल नागर, प्रआर भगवत चतुर्वेदी, प्रआर सीताराम मीणा, प्रआर शैतान सिंह, प्रआर योगेश राठौड़, प्रआर अवतार सिंह, आर.राहुल कुमार, रायसिंह, दिलशाद खांन, अनित बुनकर एवं सोमवीर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

**कॉम्बिंग गश्त के दौरान 6 स्थाई एवं 2 गिरफ्तार वारंटी गिरफ्तार**

कोतवाली थाना पुलिस ने शहर में कॉम्बिंग गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए 6 स्थाई वारंटी एवं 2 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड की टीम द्वारा 27 जून को माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 48/23 एवं 46/23 के स्थाई वारंटी विवेक सिंह पुत्र राजवीर सिंह जाट निवासी रघुनाथ मंदिर के पीछे जिला गुना, माननीय न्यायालय के प्रकरण कमांक 1834/24 के स्थाई वारंटी देवेन्द्र रावत पुत्र बद्री प्रसाद रावत निवासी मंशापूर्ण मंदिर के पास शिवपुरी, माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 477/19 के स्थाई वारंटी राकेश आदिवासी पुत्र महाराज सिंह आदिवासी उम्र 25 साल निवासी ठकुरपुरा शिवपुरी, माननीय न्यायालय के प्रकरण कमांक 15/20 के स्थाई वारंटी छोटू उर्फ छोटेलाल पुत्र भोलेराम राठौर निवासी करोंदी कालोनी शिवपुरी एवं माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 1485/21 के स्थाई वारंटी सोनू शर्मा पुत्र मदनलाल शर्मा उम्र 28 साल निवासी कोतवाली के पीछे शिवपुरी, माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 1148/22 के स्थाई वारंटी शाहरूख पुत्र बल्लू उर्फ शरीफ निवासी महाराणा प्रताप कालोनी शिवपुरी के स्थाई वारंटी के स्थाई वारंट एवं गिरफ्तारी वारंटी राजकुमार पुत्र कैलाश बंसल निवासी मयूर टॉकीज के पीछे शिवपुरी एवं गिरफ्तारी वारंटी अजमेर पुत्र लालाराम जाट निवासी बछौरा शिवपुरी के गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली टीआई कृपाल सिह राठौड, उनि सुमित शर्मा, उनि. शिखा तिवारी, प्रआर. महेन्द्र दीवान, आर. सोनू धनोलिया, जितेन्द्र रावत, मनीष गोस्वामी, सेनिक रामभरत नरवरिया, दुवेन्द्र शर्मा की विशेष भूमिका रही।

## कोलारस में एक ही रात में चार घरों में चोरी, सोना-चांदी सहित नगदी उड़ाए



**शिवपुरी ब्यूरो।** कोलारस में एक ही रात चार घरों में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। वार्ड क्रमांक 15 स्थित काली माता मंदिर के पास चोरों ने चारों घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपए का सामान चुरा लिया। बदमाशों ने घरों में सो रहे परिवारों के कमरों को बाहर से कुंडी लगाकर वारदात को अंजाम दिया, जबकि घर के बाहर खड़ी चाबी लगी बाइक को नहीं ले गए। जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 15 निवासी रवि जाटव, पृथ्वीराम, केशव जाटव और पातीराम के घर चोरी हुई। रवि जाटव ने बताया कि चोरों ने उसके घर के एक कमरे का ताला तोड़कर पेटी में रखे 16 हजार रुपए और 4 चांदी के सिक्के चुरा लिए। गनीमत रही कि जिस बक्से में सोने-चांदी के जेवरात रखे थे, उसका ताला सुरक्षित रह गया। वहीं पृथ्वीराम ने बताया कि उनके घर से चोर करीब 100 ग्राम चांदी के चूड़े, 100 ग्राम चांदी की जंजीर और एक सोने का ताबीज चोरी कर ले गए। वहीं पातीराम के घर में भी चोरी की कोशिश हुई, लेकिन चोरों के हाथ कुछ खास नहीं लगा। सबसे ज्यादा नुकसान केशव जाटव के परिवार को हुआ। उनकी पत्नी गुड्डी ने बताया कि वह परिवार के साथ एक कमरे में सो रही थीं। चोरों ने बाहर से कुंडी लगाकर दूसरे कमरे में घुसकर वहां रखे दो सोने के मंगलसूत्र, कान के बाले, 500 ग्राम चांदी की करधौनी, दो जोड़ी चांदी की पायल और 42 हजार रुपए नकद चुरा लिए। एक साथ चार घरों में हुई चोरी से क्षेत्र के रहवासियों में रोष व्याप्त है। मामले की सूचना मिलते ही कोलारस पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।



## फूलपुर के ग्रामीणों का आरोप, सेल्समैन रातोंरात अनाज किया गायब, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**शिवपुरी ब्यूरो।** नरवर तहसील के फूलपुर गांव में शुक्रवार रात शासकीय राशन वितरण को लेकर विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव की राशन दुकान से रातोंरात बड़ी मात्रा में अनाज गायब कर दिया गया। शनिवार सुबह जब ग्रामीण राशन लेने पहुंचे तो दुकान बंद मिली। बाहर सड़क पर अनाज बिखरा हुआ था और टायरों के निशान भी नजर आए। इस पर ग्रामीण भड़क उठे और फूलपुर-नरवर मार्ग पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन दुकान के सेल्समैन भगत सिंह जाटव ने तीन महीने का राशन चोरी-छिपे निकाल लिया। उनका कहना है कि शासन द्वारा मानसून को देखते हुए एक साथ तीन माह का राशन भेजा गया है, लेकिन फूलपुर में वितरण की शुरुआत तक नहीं हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार रात को गोदाम से ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर अनाज हटाया गया। कुछ बोरियां फट गई, जिससे अनाज सड़क पर गिर गया और सुबह मामला उजागर हो गया। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीणों ने मिलकर विरोध जताया और सड़क पर बैठ गए। सूचना मिलते ही तहसीलदार समेत प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल्द ही तीन माह का राशन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही, पंचनामा कार्रवाई शुरू की गई। राशन दुकान जिस समिति के नाम से संचालित है, उसके संचालक रणवीर रावत ने बताया कि सेल्समैन भगत सिंह जाटव घटना के बाद से गायब हैं। उनकी तलाश की जा रही है, लेकिन फिलहाल उनका कोई सुराग नहीं मिला है। परिजन भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगत सिंह मिलने के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो सकेगी।

## पूर्व मंत्री के भतीजे ने दुकान में घुसकर की धक्का-मुक्की कर कर्मचारी को धमकाया

### एक के खिलाफ मामला दर्ज, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**शिवपुरी ब्यूरो।** शहर के माधव चौक के पास कोर्ट रोड स्थित किसान बूट हाउस में शुक्रवार रात तीन युवकों ने दुकान में घुसकर एक कर्मचारी के साथ धक्का-मुक्की की। घटना उस समय हुई जब दुकान संचालक विवेक शर्मा मौजूद नहीं थे। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में तीन युवक दिखाई दे रहे हैं, जिनमें एक ने खुद को पूर्व राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा का भतीजा रिंकू राठखेड़ा बताया। सीसीटीवी फुटेज में रिंकू राठखेड़ा सबसे पहले कर्मचारी अमिताभ आदिवासी की गिरेबान पकड़ते दिख रहा है। उसके साथ पवन धाकड़ और उसका भाई शैलू धाकड़ भी मौजूद थे। तीनों ने दुकान में हंगामा किया और धमकाने के बाद मौके से फरार हो गए। दुकान संचालक विवेक शर्मा ने बताया कि युवक उन्हें ढूंढ रहे थे। जब वे नहीं मिले तो कर्मचारी को गालियां दी गई और पीटा गया। उनका युवकों से कोई विवाद नहीं था। हालांकि, इस मामले में रिंकू का कहना है कि पवन की गाड़ी की टक्कर दुकान के एक कर्मचारी से हो गई थी, इसी मामले में वे कर्मचारी से बात करने गए थे। जब हम समझा रहे थे तो वीडियो रिकॉर्ड हो गया। पीड़ित कर्मचारी अमिताभ आदिवासी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पवन धाकड़ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अन्य दो आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर कार्रवाई की जा रही है।

## डेढ़ बीघा जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, वृद्ध की मौत

### संघर्ष में दोनों पक्षों के 17 लोग घायल, मृतक के परिजनों ने किया चक्काजाम



**शिवपुरी ब्यूरो।** बामौरकला थाना क्षेत्र के ग्राम खिरिया में कल शाम डेढ़ बीघा जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में वृद्ध बृगभान सिंह यादव की मौत हो गई जबकि दोनों पक्षों के 17 लोग घायल हो गए। इनमें आरोपी पक्ष के 6 लोग भी शामिल हैं। इस मामले में पुलिस ने 12 आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और बलबे की धाराओं में मामला दर्ज किया है। घटना के बाद मृतक बृजभान सिंह के परिजनों ने थाने के बाहर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। फरियादी इन्द्रपाल यादव का आरोप है कि गुरुवार को हुए विवाद की शिकायत शुक्रवार सुबह की गई थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पुलिस यदि समय पर कार्यवाही करती तो उसके पिता वृजभान की हत्या नहीं होती। बताया जाता है कि मृतक बृजभान यादव का डेढ़ बीघा जमीन को लेकर भूरा सैन से विवाद चल रहा था। मृतक बृजभान ट्रेक्टर लेकर खेत जोतने चला गया। इसी बात से नाराज होकर भूरा सैन ने अपने परिवार सहित बृजभान पर लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सिर में कुल्हाड़ी लगने से बृजभान की मौत हो गई जबकि मृतक के बेटे इन्द्रपाल यादव भाई रामराजा यादव, भतीजा अरविन्द यादव गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दूसरे पक्ष से भूरा सैन सहित उसका बेटा कल्लू, उस्ताद सैन, जामबती सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए खनियांधाना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने कहा कि इस मामले में 12 नामजद आरोपियों के खिलाफ बलवा, हत्या के प्रयास और हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन जारी, यहां होंगे अगले शिविर

**धौलपुर ब्यूरो।** अन्त्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में वंचितों को वरीयता देते हुए राज्य सरकार 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी बताया कि पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाना है। इसी दिशा में सरकार ने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू की है, जिसके माध्यम से पहले चरण में जिले के गांवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाएंगे।

**यहां होगा शिविरों का आयोजन**

जिला कलक्टर ने बताया कि 29 जून को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत सरानी के अटल सेवा केन्द्र में, निनोखर के पंचायत भवन में, नकटपुरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत धनौरा के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, बहादुरपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत जारगा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बाजना के अटल सेवा केन्द्र में, सिलावट के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत चौराखेड़ा के अटल सेवा केन्द्र में, गढ़ीचटोला के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत खुर्दिया के अटल सेवा केन्द्र में तथा 30 जून को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत पचगांव के अटल सेवा केन्द्र में, खेड़ा के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में, ओदी के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत मरहौली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, नगलादूल्हेखां के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत बागथर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत नादौली के अटल सेवा केन्द्र में, गन्हेदी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत कैंथरी के अटल सेवा केन्द्र में, रजौराखुर्द के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत भरकूंजरा के अटल सेवा केन्द्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## देवखेड़ा में वर्षों से लंबित विरासत नामांतरण का समाधान, 9 किसानों को मिला लाभ

### शिविर में त्वरित कार्रवाई से खत्म हुई दशकों की चिंता

**धौलपुर ब्यूरो।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवखेड़ा में आयोजित शिविर ने कई किसानों की वर्षों पुरानी परेशानी का अंत कर दिया। ग्राम देवखेड़ा निवासी सुरेशचंद पुत्र मेघराजसिंह अपनी पैतृक भूमि पर विरासत नामांतरण को लेकर लंबे समय से प्रयासरत थे। लेकिन नामांतरण का काम पूरा नहीं हो पाया था, जिससे ना सिर्फ सुरेशचंद बल्कि उनके परिवार के अन्य वारिसों को भी योजनाओं और कृषि संबंधी लाभ लेने में मुश्किलें आ रही थीं। शिविर के दौरान सुरेशचंद ने अपनी समस्या कैंप प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा के समक्ष रखी। उपखंड अधिकारी ने तुरंत नायब तहसीलदार को मौके पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने भू-अभिलेख निरीक्षक और हल्का पटवारी के सहयोग से मौके पर ही सभी वारिसों की जांच करवाई और मेघराज सिंह के नाम से दर्ज खातेदारी का नामांतरण ऑनलाइन दर्ज कर दिया गया। इस प्रक्रिया में कुल 9 किसानों को लाभान्वित किया गया, जिन्हें मौके पर ही रिकॉर्ड की प्रति भी उपलब्ध कराई गई। नामांतरण के पूरा होते ही किसानों ने राहत की सांस ली, क्योंकि अब वे अपनी भूमि से जुड़ी सभी योजनाओं, मसलन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और कृषि ऋष्टा जैसी सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। शिविर में मौजूद किसानों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

## जिला कलक्टर ने किया बीलपुर अंत्योदय शिविर का निरीक्षण



**धौलपुर ब्यूरो।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत बीलपुर में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शनिवार को निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए। जिला कलक्टर ने मौके पर मौजूद विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव में झूलते तारों और क्षतिग्रस्त विद्युत पोल्स का तुरंत फील्ड सर्वे कर मरम्मत सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने राजस्व, ग्रामीण विकास, जलदाय, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, वन, सामाजिक न्याय और अन्य विभागों की गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। कलक्टर ने कहा कि शिविरों के माध्यम से लंबित नामान्तरण, पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, रास्तों से जुड़े विवाद, मृदा नमूनों का संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, आयुष्मान कार्ड, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, एनएफएसए के लंबित प्रकरणों का निस्तारण, विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रवेशोत्सव, बीपीएल सर्वे, पशु बीमा प्रमाण पत्र जारी करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को गति दी जाएगी।

साथ ही, उन्होंने पीएचईडी विभाग को निर्देश दिए कि जल टंकियों की साफ-सफाई और लीकेज की मरम्मत समयबद्ध तरीके से की जाए ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों से संवाद करते हुए जिला कलक्टर ने अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग शिविर में भाग लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और विकास की मुख्यधारा से जुड़ें।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 20 मेधावी बेटियों को मिला स्कूटी का तोहफा,

### जिला कलक्टर ने मेधावी छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपकर दी ट्रैफिक नियमों की पालना की नसीहत

**धौलपुर ब्यूरो।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अवसर पर बेटियों के सपनों को नई उड़ान देने के उद्देश्य से कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 20 मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने स्वयं इन होनहार बेटियों को स्कूटी की चाबियां सौंपी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कलक्टर ने छात्राओं को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सीख भी दी, ताकि वे सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज में उदाहरण पेश कर सकें। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी डॉ साधना शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, डॉ शिवचरण कुशवाह, स्कूटी वितरण प्रभारी डॉ लक्ष्मी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। जिला कलक्टर ने कहा कि बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। स्कूटी मिलने से न केवल छात्राओं को विद्यालय एवं कॉलेज जाने में सहूलियत होगी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्राओं और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी।

## बैराड़ पुलिस ने कट्टे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** बैराड़ थाना पुलिस ने बैरजा-कुंवरपुर तिराहे से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा राउण्ड बरामद किया है। बैराड़ टीआई रविशंकर कौशल के अनुसार, आज मुखबिर से सूचना मिली कि बैरजा-कुंवरपुर तिराहे पर एक व्यक्ति किसी वारदात की नियत से हथियार लिए घूम रहा है जिस पर पुलिस ने उक्त स्थान पर दविश देकर आरोपी अनार सिंह पुत्र सीताराम रावत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बैरजा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी हाथ का बना कट्टा एवं एक जिंदा राउण्ड कीमती 5 हजार रूपए जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 194/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** बैराड़ थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 27 जून को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि संदेही धीरज परिहार निवासी भौंराना द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। जिस पर धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में दौराने विवेचना अपहृता द्वारा बताए कथनों के आधार पर धारा 64 बीएनएस, 3/4 पॉक्सो इजाफा की गई। बैराड़ टीआई रविशंकर कौशल द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी धीरज पुत्र लक्ष्मण सिंह परिहार उम्र 30 वर्ष निवासी भौंराना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में रविशंकर कौशल, उनि. रतिराम सिंह चौकोटिया, आर. ज्ञान सिंह, लोकेन्द्र सेंगर, अतर सिंह रावत, नेहा शुक्ला की विशेष भूमिका रही।

# प्राचार्य उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जोर, संगत संस्था ने साझा की प्रेजेंस कार्यक्रम की जानकारी

**मुरैना,कांस।** संगत संस्था द्वारा मुरैना जिले में शुक्रवार को एक विशेष प्राचार्य उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों से करीब 26 प्रधानाचार्य और प्रभारी शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रेजेंस (PRESENCE) कार्यक्रम की जानकारी साझा करना और विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर साइकोलॉजिस्ट अनासूया बंदोपाध्याय ने प्रेजेंस कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्यों और उसके क्रियान्वयन के तरीकों को विस्तार से समझाया। वहीं, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दीक्षा ने कार्यक्रम के दौरान आ रही चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की और प्राचार्यों से समाधान संबंधी सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने बताया कि किस तरह यह कार्यक्रम बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता में रखते हुए स्कूलों के क्यूरीकुलम में समाहित किया जा सकता है। जिला समन्वयक श्री मनोज कुमार कुलश्रेष्ठ ने बीते शैक्षणिक वर्ष में प्रदेश के तीन जिलों में हुए प्रेजेंस



कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जानकारी दी और आगामी सत्र की रूपरेखा साझा की। कार्यक्रम की खास बात रही संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत और नाटक, जो कि मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित था। यह प्रस्तुति श्री दीपक मित्तल और श्री विकास गोयल के सहयोग से तैयार की गई थी, जिसे सभी प्राचार्यों और उपस्थित अधिकारियों ने खूब सराहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुधीर सक्सेना उपस्थित रहे। साथ ही एडीपीसी श्री महेश मावई और निपुण प्रोफेशनल श्री दुर्गेश कुमार भी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अधिकारियों ने संगत संस्था के इस प्रयास की सराहना की और अपने-अपने विद्यालयों में इस कार्यक्रम को लागू करने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुधीर सक्सेना ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय है। शिक्षा विभाग इस दिशा में कार्य कर रही संगत संस्था को पूरा सहयोग देगा। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक श्री मनोज कुमार कुलश्रेष्ठ ने किया और अंत में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दीक्षा ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा ने आपातकाल काला अध्याय के 50 वर्ष पर सेमिनार किया



**मुरैना,कांस।** भाजपा का आपातकाल काला अध्याय के 50 वर्ष सेमिनार कार्यक्रम गांधी मैरिज होम बाल निकेतन पर संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर एवं भिंड से लोकतंत्र सेनानी नवल किशोर मिश्रा उपस्थित रहे! कार्यक्रम में जिले के 10 मीसाबंदियों का सम्मान किया एवं 25 मींशा बंदियों के परिवार जनों का सम्मान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा ने की कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मुंशीलाल,पूर्व विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार,पूर्व विधायक रघुराज कंसाना,पूर्व विधायक राकेश मावई,पूर्व जिला अध्यक्ष केदार सिंह यादव, कार्यक्रम के प्रभारी राजेश सिंह सिकरवार सहित लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे! कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पराशर ने कहा कि आज ही के दिन 1975 में एक परिवार ने अपने हाथ से सत्ता निकलने के डर से जनता के अधिकारों को छीन व लोकतंत्र की हत्या कर देश पर आपातकाल थोपा था। अपने सत्ता-स्वार्थ के लिए लगाया गया आपातकाल, कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का प्रतीक और कभी न मिटने वाला कलंक है। उस कठिन समय में अनेक यातनाएं सहकर लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए लाखों लोगों ने संघर्ष किया। मैं उन सभी देशभक्तों को दिल से नमन करता हूं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चारूकृष्ण डण्डौतिया ने किया एवं आभार जिला महामंत्री अरविंद सिंह सिकरवार ने किया कार्यक्रम स्थल पर दिलीप डण्डौतिया द्वारा आपातकाल पर झांकी लगाई गई लोगों के आकर्षण का केंद्र रही । कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं सहित आमजन मौजूद रहे!

# सिहौनियां पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 पेटी अवैध शराब, अवैध हथियार एवं एक कार जब्त की




**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा अवैध मादक पदार्थो शराब की तस्करी एवं क्रय-विक्रय के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री विजय सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना सिहौनियां पुलिस द्वारा 15 पेटी अवैध देशी शराब, 01 अवैध हथियार अधिया, 02 जिंदा राउण्ड एवं 01 कार कुल कीमती करीबन ?3.85 लाख का जब्त किया गया। दिनांक 28.06.2025 को उनि. पवन सिंह भदौरिया थाना प्रभारी सिहोनिया को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि भिण्ड तरफ से 01 सफेद रंग की कार के माध्यम से बडी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी हेतु ले जाई जा रही है मुखबिर की उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी सिहौनियां द्वारा चिराई भौनपुरा मार्ग कोलुआ रोड़ पर चैकिंग लगाई गई तभी भौनपुरा तरफ से एक सफेद रंग की कार क्रमांक DLCM5905 आती दिखी, जिसे हमराही फोर्स की मदद से रोककर चैकिंग की गई तो कार में कुल 15 पेटी देशी प्लेन मदिरा कीमती करीबन 75,000/- एवं 01 अधिया मय 02 जिंदा राउण्ड कीमती करीबन 10,000/- की रखी मिली, जिसके संबंध में कार चालक से दस्तावेज चाहने पर उक्त कार चालक द्वारा शराब एवं हथियार के संबंध में कोई दस्तावेज न होना बताया गया, आरोपी चालक का उक्त कृत्य आबकारी अधिनियम एवं आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय होने से मौके पर से उक्त शराब, अधिया मय 02 जिंदा राउण्ड एवं वाहन कुल मशरूका कीमती करीबन ?3.85 लाख का जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बाद थाना वापसी पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 53/25, धारा 34(2), 47 (ए) आबकारी एक्ट एवं धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया एवं गिरफ्तारशुदा उक्त आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना,कांस।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से अवैध हथियार लेकर किसी वारदात की नियत से 315 बोर का कट्टा मय राउण्ड लिए घूम रहे आरोपी करूआ उर्फसुनील गुर्जर पुत्र अतर सिंह निवासी विस्मिल नगर को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**मुरैना,कांस।** सुमावली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का अज्ञात शव मिली है, जिसकी शिनाख्त नही हो पाई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पचौरीपुरा पोरसा नाले बम्बा के पास भिण्ड रोड पर किसी अज्ञात व्यक्ति का शव पडा था, जिसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुॅच कर शव का परीक्षण करने के बाद उसकी शिनाख्त कराने प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नही हो पाई। थाना पुलिस ने हर्ष सिंह पुत्र भूपेन्द्र राजावत भिण्ड रोड पचौरीपुरा की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**मुरैना,कांस।** राज्य शैक्षणिक प्रबन्धन प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) भोपाल के निर्देशन में 13 पीएमश्री विद्यालयों के लिए मुरैना जिले में 102 शिक्षकों का प्रशिक्षण 27 जून को डाइट मुरैना में सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण दो विषयों पर आधारित था, जो नई शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन हेतु स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत लागू किया गया। पहला विषय सिटीजनशिप स्किल्स एवं दूसरा विषय 21 वीं सदी की स्किल्स। दोंनो विषयों हेतु जिला शिक्षा अधिकारी मुरैना द्वारा इन्हीं विद्यालयों के दो-दो शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित हेतु राज्य स्तर पर भेजा गया था। प्रशिक्षण में डाइट प्राचार्य डॉ. एसएस तोमर ने कहा कि शिक्षकों को इस प्रशिक्षण की सीख से अपने व्यवहार व अध्यापन कौशलों में वांछित सुधार करते हुये अपने सम्मान को कायम रखने का अवसर है। सभी शिक्षक ध्यान रखें कि प्रशिक्षण की सार्थकता तभी है, जब आप अपनी समझ को यहां पुष्ट करते हुये व्यवहार और विद्यालय में क्रियान्वित करें। कार्यक्रम में डाइट प्रशिक्षण प्रभारी श्री सुदेश सक्सेना, स्टार्स प्रोजेक्ट प्रभारी श्री पंकज शर्मा, डाइट फैकल्टी श्री राकेश सिंह तोमर सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# (सफलता की कहानी)

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 14 वर्षीय बच्ची को मिला जीवनदान

**मुरैना,कांस।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चल रही योजनाओं के तहत ग्राम मुडियाखेडा जिला मुरैना निवासी कु. रूचि पुत्री महेश प्रजापति के दिल के छेद का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के पश्चात् बच्ची पूर्णतः स्वस्थ्य है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने बताया कि 14 वर्षीय कु. रुची प्रजापति के दिल में जन्म से ही छेद था। उन्होंने बताया कि इस बीमारी को (सी.एच.डी.) कंजेनाइटल हार्ट डिसीज जाना जाता है। उन्होंने बताया कि बच्ची के पिता जीवनयापन के लिए मजदूरी करते है। जैसे ही बच्ची के पिता को इस गंभीर बीमारी का पता चला तो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह अपनी बच्ची के जीवन को लेकर अत्यन्त चिंतित थे, कि किस तरह बच्ची का इलाज करवाया जायेगा। बच्ची के पिता को जिले में चल रहे शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डी.ई.आई.सी.) के बारे में पता चला तो वे उसे तुरंत मुरैना लेकर आये। बच्ची के पिता ने बच्ची की बीमारी के बारे में डीईआईसी को अवगत कराया, इस पर बच्ची के ऑपरेशन निःशुल्क कराये जाने के लिए बच्ची के माता-पिता को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई एवं बच्ची का पंजीयन तुरन्त जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र मुरैना में कराया गया। जिसके पश्चात् बच्ची की संपूर्ण जांचे निःशुल्क कराई जाने के पश्चात् बच्ची को शासन द्वारा मान्यता प्राप्त सुपर मल्टी स्पेशलिटि अस्पताल श्री अरविन्दो मेडिकल कॉलेज इंदौर में 14 मई 2025 को आयुष्मान योजना के अंतर्गत



निःशुल्क ऑपरेशन हेतु भर्ती कराया गया। जिसके पश्चात् बच्ची का ऑपरेशन सफलता पूर्वक हुआ। आज बच्ची पूर्णतः स्वस्थ्य है। बच्ची के माता-पिता ने बच्ची के निःशुल्क इलाज कराये जाने पर मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना का धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डी.ई.आई.सी.) के प्रबन्धक ने बताया कि जिला मुरैना में बच्चों में जन्म-जात बीमारी के उपचार एवं ऑपरेशन आरबीएसके योजना द्वारा पूर्णतः निःशुल्क कराये जाते है।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु जाईन्ट मॉक एक्सरसाईज 30 जून को

**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु जाईन्ट मॉक एक्सरसाईज 30 जून को अपरान्ह 03 बजे सर्किट हाउस मुरैना में की जायेगी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिनमें पुलिस अधीक्षक, सीएमएचओ, जल संसाधन, विद्युत मंडल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, नगर निगम, पशुपालन, जनसम्पर्क, समस्त एसडीएम, होमगार्ड कमान्डेट, तहसीलदार मुरैना और परियोजना अधिकारी नगरीय प्रशासन उपस्थित रहेंगे।

# आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में 05 लाख रुपए का कैशलैस निःशुल्क इलाज

**मुरैना,कांस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से अनेक लोग अब शासकीय व निजी अस्पतालों में अपना इलाज निःशुल्क करा रहे। पैसे के आभाव में प्राईवेट निजी अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते थे। आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हो रहा है। सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने से भारत सरकार द्वारा एक वर्ष में 05 लाख रूपए का कैशलैस निःशुल्क इलाज कराने की सुविधा दी जा रही है। आयुष्मान कार्ड से भविष्य में होने वाली बड़ी-बड़ी बीमारियां हृदय रोग, रीड की हड्डी की सर्जरी, कैंसर, ट्यूमर निसंतानताए, डेंगू, सीटी स्केन, डायलिसिस एवं अनेक बीमारियों भी मददगार साबित हो रही है। आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में 05 लाख रुपए का कैशलैस निःशुल्क इलाज करा सकते हैं। जिला चिकित्सालय में सीटी स्केन व डायलिसिस आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क की जाती है। यह योजना अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए मददगार साबित हुई है। आरएमओ डॉ. डीएस यादव द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है सभी अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवायें, जिससे जरूरत होने पर मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा सके।

# मुआवजा के लिए दो साल से तहसील के चक्कर लगा रहा है भरोसी जाटव



**(चम्बल सुर्खि संवाददाता)**

**बीरपुर।** वीरपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत पांचो मजरा मोहनपुरा निवासी भरोसी लाल जाटव विगत दो साल से मुआवजा के लिए तहसील के चक्कर लगा रहा है किन्तु उसे आज तक मुआवजा तो नहीं मिला बल्कि मुआवजा की फाइल भी तहसील कार्यालय से गायब हो गई. अब भरोसी लाल का भरोसा बीरपुर तहसील से उठ गया है.मामला यह है कि दिनांक 24/5/2023 को आंधी तूफान आने पर भरोसी लाल जाटव पुत्र श्री हीरालाल जाटव के घर के आंगन में 50 वर्ष पुराना नीम का पेड़ गिर गया जिसके नीचे दबकर गुमटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा गृहस्थी का सामान भी खराब हो गया. मकान की दीवार भी ढह गई. इसके बाद उसने मुआवजा की मांग की.बतौर भरोसी लाल राजस्व विभाग ने मुआवजा के लिए मौका मुआयना किया और प्रकरण बनाया गया तथा जल्दी ही मुआवजा देने की बात कही किन्तु दो साल बीतने पर भी मुआवजा नहीं मिलने से वह परेशान है. अब उसकी प्रकरण फाइल भी तहसील से गायब है। दयनीय हालत से गुजर रहे भरोसी लाल के पास इतना पैसा भी नहीं है कि वह श्योपुर जाकर कलेक्टर के सामने अपनी गुहार लगा सके।

# मुरैना जिला अस्पताल में नवजात की मौत परिजन बोले- नर्सों ने मांगे 5 हजार रुपए, नहीं देने पर इलाज में लापरवाही बरती

**मुरैना,कांस।** जिला अस्पताल में शुक्रवार रात एक महिला की डिलीवरी के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि नर्सिंग स्टाफ ने 5 हजार रुपए की मांग की और पैसे न मिलने पर इलाज में लापरवाही बरती। महिला के पति ने थाने में शिकायती आवेदन भी दिया है। सिटी कोतवाली क्षेत्र के इमलिया गांव निवासी जगभान रामपुरे ने बताया कि वह अपनी गर्भवती पत्नी योगिता को शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल लेकर आए। अस्पताल में भर्ती के बाद नर्सिंग स्टाफ ने परिजनों को आश्वासन दिया कि थोड़ी देर में डिलीवरी हो जाएगी, जगभान का आरोप है कि इसके बाद सुबह से शाम तक नर्सों ने टालमटोल की और उससे 5 हजार रुपए की मांग की। पैसे देने से इनकार करने पर नर्सों ने समुचित देखभाल नहीं की। देर शाम को महिला की डिलीवरी अस्पताल के पलंग पर ही हो गई, लेकिन जन्म के कुछ ही मिनटों बाद नवजात की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने नवजात के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। महिला के पति ने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में नर्सों के नाम सहित विस्तृत आरोप दर्ज कराए हैं।

# ग्राम सिंगारदे में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष शिविर संपन्न

**मुरैना,कांस।** प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत शिविरों का आयोजन कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार जिले की 12 ग्राम पंचायतों के 18 चयनित विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्रामों में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। विदित है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ 02 अक्टूबर 2024 को किया गया है। इस अभियान की



संकल्पना जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अभिसरण मॉडल पर 17 भागीदार मंत्रालयों की 25 योजनाओं को मिलाकर लागू किया किया गया है। जिसमें आवास, पक्की सड़कें, समग्र शिक्षा, जल जीवन मिशन, मोबाईल मेडिकल यूनिट, पीएम जन आरोग्य योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र अविद्युत्तिकृत घरों में विद्युतिकरण, एलपीजी कनेक्शन, पोषण वाटिका, कौशल विकास, डिजिटल एक्टिविटी, मछली पालन, पशुपालन, साथ साथ आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र, के.सी.सी. एवं अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं को शामिल किया गया है। इन सभी योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा गया। अभियान के तहत शनिवार को विकासखण्ड सबलगढ़ की ग्राम पंचायत गहतोली के ग्राम सिंगारदे में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित शिविरों के उद्देश्य के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। बताया गया कि आदिवासी जनों में जागरुकता और क्षेत्र में उनके हित के लिए संचालित योजनाओं में हर आदिवासी नागरिक को लाभ मिले। कोई भी नागरिक इससे वंचित न रहे। जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न कार्यो के लिए आये हितग्राहियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# आकाशीय बिजली गिरने से 16 बकरियों की मौत, किसान को भारी नुकसान

**सुमावली।** सुमावली क्षेत्र के कपरसन जंगल में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की 16 बकरियों की मौत हो गई। यह घटना ग्राम पंचायत रूअर मेनाबसई के ग्राम रूअर में रहने वाले रामेश्वर उर्फ बंटी कुशवाह के साथ हुई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, रामेश्वर कुशवाह अपनी बकरियों को चराने के लिए कपरसन जंगल में गए हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी। तभी एक जोरदार आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से उनकी 16 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से रामेश्वर कुशवाह को गहरा सदमा लगा है। उनकी आजीविका का मुख्य साधन ये बकरियां ही थीं। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है ताकि उन्हें इस मुश्किल घड़ी में कुछ राहत मिल सके। स्थानीय ग्रामीणों ने भी किसान को हुए इस नुकसान पर दुख व्यक्त किया है और सरकार से जल्द सहायता प्रदान करने की अपील की है।



# जर्जर सड़क बनी हादसों का सबब, पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, बड़ा हादसा टला

**मुरैना,कांस।** शहर की जर्जर सड़कों का जाल आए दिन हादसों को न्योता दे रहा है। ताजा मामला जेल रोड स्थित पोस्टमार्टम हाउस के पास का है, जहां खराब सड़क के चलते एक माल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में आसपास मौजूद वाहन चालक और ड्राइवर बाल-बाल बच गए और एक बड़ा हादसा टल गया।

यह घटना शहर के अधिकांश वार्डों की दयनीय स्थिति को उजागर करती है, जहां मुख्य सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब ट्रैक्टर-ट्रॉली जेल रोड से गुजर रही थी, तभी एक पहिया सड़क के गहरे गड्ढे में चला गया, जिससे



चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रॉली पलट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब खराब सड़क के कारण कोई दुर्घटना हुई हो। इस रोड पर दोपहिया और चारपहिया वाहन आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

नगर निगम की घोर लापरवाही के चलते लगभग हर वार्ड के यही हाल हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगती। इन हादसों की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता है, न ही किसी अधिकारी, कर्मचारी या ठेकेदार के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई हुई है। शहरवासी लगातार मांग कर रहे हैं कि नगर निगम इन जर्जर सड़कों की मरम्मत पर ध्यान दे ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। सवाल यह है कि आखिर कब तक नगर निगम की अनदेखी मासूम जिंदगियों को खतरे में डालती रहेगी?

**जिला शिक्षा केन्द्र, मुरैना (म.प्र.)**

**पानी की टंकी के पास, गणेशपुरा, मुरैना (म.प्र.)**

क्रं./ /एस.एस.ए./आई.डी./2025-26/1215 मुरैना, दिनांक 27.06.2025

**विज्ञप्ति**

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सी.डब्ल्यू.एस.एन.) का जिला स्तर पर बालक एवं बालिका के 50-50 सीटर छात्रावास संचालन हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रण किए जाते हैं। संस्था के प्रस्ताव के साथ निम्नानुसार वांछित अभिलेख संलग्न करने की आवश्यकता होगी। स्वयं सेवी संस्था जिले हेतु कार्य करने में यदि सक्षम एवं इच्छुक है वह मुरैना जिले के जिला शिक्षा केन्द्र मुरैना को अपना प्रस्ताव विज्ञापन प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस के अंदर कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्रस्तुत कर सकती है। प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किए जावे-

सी.डब्ल्यू.एस.एन. छात्रावास संचालन हेतु स्वयं सेवी संस्था के चयन वावत शर्ते।

1. स्वयं सेवी के दिव्यांगजन अधिनियम 22016 की धारा 52 के तहत पंजीयन हो।
2. पंजीयन के पश्चात संस्था के पास दिव्यांग बच्चों के छात्रावास संचालन अथवा विशेष विद्यालय संचालन का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो।
3. संस्था के पास दिव्यांग बच्चों की शिक्षा हेतु उपलब्ध सुविधाऐ एवं संसाधन हो।
4. संस्था के पास भारतीय पुर्नवास परिषद नई दिल्ली में पंजीकृत विशेष शिक्षक हो।
5. विषम परिस्थिति के दृष्टिगत यदि छात्रावास संचालन की राशि के भुगतान में विलम्ब हो तो संस्था स्वयं के व्यय पर छात्रावास का संचालन कर सकने में सक्षम हो।
6. संस्था की शिकायत होने पर वह जाँच में दोषी नहीं पाई हो इस संबंध में संस्था 100 रूपये का स्टाम्प पर शपथ पत्र भी प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।
7. बालक एवं बालिकाओं के प्रस्ताव के लिफाफे अलग-अलग होना चाहिऐ। संस्था अपने प्रस्ताव के लिफाफे पर सी.डब्ल्यू.एस.एन. छात्रावास बालक एवं बालिका के संचालन कार्य हेतु प्रस्ताव स्पष्ट एवं बड़े बड़े अक्षरों में अवश्य लिखे। संस्था का चयन होने पर उस संस्था के साथ एक एम.ओ.यू. (अनुबंध) किया जायेगा। जिसके अनुरूप संस्था के द्वारा नियमानुसार कार्य संपादित किया जायेगा। किसी भी विवाद की स्थिति निर्मित होने पर अनुबंध की शर्तो के अनुसार निर्णय लिया जावेगा।

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केन्द्र, मुरैना (म.प्र.)**

# भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान दो जुलाई को: एक जुलाई को नामांकन

## रेस में आदिवासी केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके सबसे आगे

भोपाल ब्यूरो।

एमपी बीजेपी को दो जुलाई को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। चुनाव के लिए एक जुलाई को नाम निर्देशन पत्र दाखिल होंगे। अगले दिन भाजपा की वृहद कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया जाएगा। संगठन ने मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की जगह नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम तय कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में होगी। वे एक जुलाई को भोपाल पहुंचेंगे। मप्र में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में आदिवासी वर्ग के नेताओं में बैतूल सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके के नाम पर मंथन तेजी से शुरू हुआ है। वे बैतूल से दूसरी बार के सांसद और केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं।



### डीडी के नाम पर इसलिए चर्चा

मप्र में 22 फीसदी आदिवासी आबादी है। इनमें से 13 फीसदी आदिवासी गोंड समाज के हैं। दुर्गादास उईके संघ की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। राजनीति में आने से पहले वे सरकारी शिक्षक थे। आदिवासी वर्ग में संघ की विचारधारा के निर्विवाद नेताओं में डीडी उईके का नाम आता है। एमपी में सत्ता और संगठन के साथ ही संघ भी उनके नाम पर सहमति दे सकता है।

### मप्र में संगठन मजबूत, इसलिए महिला पर भी विचार

मप्र को बीजेपी के संगठन की प्रयोगशाला माना जाता है। बीजेपी यहां जो भी प्रयोग करती है, उसमें सफलता मिलती है। मप्र में 2028 में विधानसभा के चुनाव होंगे। वो भी नए परिसीमन और महिला आरक्षण के साथ। ऐसे में बीजेपी महिला नेता को भी एमपी में कमान देने पर मंथन कर रही है।

### गुजरात में केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष हैं पाटिल

मप्र के पड़ोसी राज्य गुजरात में सीआर पाटिल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। पाटिल केंद्र सरकार में जल शक्ति मंत्री भी हैं। ऐसे में एमपी में उईके को भी दोहरी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### सिंधी राजनीति में सबनानी फिट

बीजेपी में सिंधी नेतृत्व को मजबूत करने पर मंथन चल रहा है। पाक से भारत में आकर बसने वाली आबादी में सिंधी समाज की बड़ी संख्या है। इस समाज को प्रतिनिधित्व देने पर भी विचार चल रहा है। ऐसे में बीजेपी के प्रदेश महामंत्री और भोपाल दक्षिण-पश्चिम सीट से विधायक भगवानदास सबनानी के नाम पर मंथन चल रहा है।

### 19 राज्यों के चुनावों के बाद होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव


अब तक बीजेपी के करीब 14 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। शुक्रवार 27 जून को बीजेपी ने तीन राज्यों के चुनाव अधिकारियों के नामों का ऐलान किया है। बीजेपी ने महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री किरन रिरिजू, उत्तराखंड में केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और पश्चिम बंगाल में रविशंकर प्रसाद को अपना प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

# भोपाल में रेपिस्ट को 20 साल की सजा:पीड़िता ने की थी खुदकुशी

## सुसाइड नोट में लिखा था- मैं संदीप के कारण जान दे रही हूं

भोपाल ब्यूरो।

भोपाल में किशोरी से रेप के मामले में कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई है। यह सजा कुमुदिनी पटेल, पंद्रहवीं अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई है। दुष्कर्मी की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पास से मिले सुसाइड नोट में शादी का वादा कर रेप करने और प्रताड़ित करने का खुलासा हुआ था। इस प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और ज्योति कुजूर ने पैरवी की थी।



### 6 साल बाद आया कोर्ट का फैसला

22 मई 2019 को पुलिस थाना तलैया में हमीदिया अस्पताल से नाबालिग की मौत की सूचना मिली थी। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता लगा कि किशोरी ने फांसी लगाकर सुसाइड किया है। तब मृतका की बड़ी बहन और मां ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि उनके घर के ऊपर वाली फ्लोर पर संदीप मालवीय रहता है। किशोरी और संदीप के बीच दोस्ती थी और दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी। संदीप उसे प्रताड़ित करता था, आए दिन खुदकुशी के लिए उकसाता था।

# टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक में दिए सौ फीसदी नोटिफिकेशन के निर्देश

## सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने ली टीबी मरीज के पोषण आहार की जवाबदारी

भोपाल ब्यूरो।



सघन टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक जिला क्षय केंद्र में आयोजित हुई। बैठक में सीएमएचओ भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने क्षय उन्मूलन जागरूकता अभियान, परीक्षण, संभावित टीबी मरीजों का स्पूटम कलेक्शन, निक्षय पोर्टल पर प्रिजम्प्टिव आईडी तैयार करना, डॉट्स की उपलब्धता, उपचार सहायता, निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण की समीक्षा की।

डॉ. शर्मा ने टीबी मरीज को फूड बास्केट देकर पोषण की जवाबदारी भी ली। बैठक में जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रांजल खरे, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, अनुविभागीय चिकित्सा अधिकारी, जिला एवं विकासखंड के प्रबंधकीय स्टाफ सहित टीबी सुपरवाइजर एवं मैदानी स्टाफ उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने निर्देश दिए कि टीबी नोटिफिकेशन 100 प्रतिशत किए जाएं। श्रमिक वर्ग और अन्य संवेदनशील वर्गों तक इस अभियान का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और स्वास्थ्य केंद्रों के साथ साथ प्रमुख सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे, बस स्टेशनों, कारखानों, उद्योगों, ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, क्रेशरों इत्यादि पर शिविर लगाए जाएं। साथ ही पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों, स्वसहायता समूहों, जन आरोग्य समिति, महिला आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता समिति के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, नए निक्षय मित्रों और टीबी चैंपियंस/विजेताओं की पहचान किए जाने के निर्देश दिए गए।

# सीएमएचओ की अध्यक्षता में हुई पी.सी.पी.एन.डी.टी जिला सलाहकार समिति बैठक

भोपाल ब्यूरो।



पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति बैठक शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एक्ट के प्रावधानों के कड़ाई से पालन करने, नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण आवेदनों पर चर्चा कर स्वीकृति दी गई। बैठक में समिति सदस्य डॉ. रणधीर सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी श्री राजेंद्र उपाध्याय, फ़ोग्सी एसोसिएशन सचिव डॉ. मुदिता जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति खरे, पैथोलॉजिस्ट डॉ. रश्मि सिंघई, श्रीमती अर्चना सहाय, श्री आशीष त्यागी उपस्थित रहे।

बैठक में 29 अस्पतालों और सोनोग्राफी केंद्रों के आवेदनों के नवीन पंजीयन, नवीनीकरण, एप्लिकेशन एडिट पर चर्चा कर समिति के अनुमोदन अनुसार कार्यवाही की गई। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा द्वारा पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के प्रावधानों के पालन के लिए सोनोग्राफी केंद्रों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

# खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंपों की जांच के दिए निर्देश

## रतलाम डीजल प्रकरण - दोषी पंप संचालक पर एफआईआर

भोपाल ब्यूरो।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंप की गहन जाँच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रतलाम में हुई घटना पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को हर हाल में गुणवत्तायुक्त पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। श्री राजपूत ने वरिष्ठ अधिकारियों को ऑयल कंपनियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



उल्लेखनीय है कि रतलाम में कई वाहनों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पेट्रोल पंप शक्ति फ्यूल पॉइंट डोसीगाँव से डीजल भरवाया गया था। डीजल में पानी होने से वाहन बंद होने की घटना प्रकाश में आई है। खाद्य विभाग जिला रतलाम के अधिकारियों द्वारा पंप की तत्काल ही जांच की गई। जाँच में पेट्रोल एवं डीजल के सेम्पल लिए जाकर बीपीसीएल लेब मांगलिया इंदौर भेजे गए हैं। इस प्रकरण में मोटर स्पिरिट और उच्च व्यय डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियम और अनाचार निवारण) आदेश 2005 के प्रावधानों के तहत दोषी पंप संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 377 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। पंप पर उपलब्ध पेट्रोल 5995 ली. एवं डीजल 10657 लीटर जप्त कर पम्प को सील किया गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में उद्यानिकी कृषकों की सक्रिय भागीदारी

## प्रदेश के 4.77 लाख हेक्टेयर में फल उद्यान तैयार

## अभियान में 3998 हैक्टेयर में किया गया पौध-रोपण

भोपाल ब्यूरो।



शासन और समाज के समन्वय से जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन और जन-जागरूकता को समर्पित जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने भी महती भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल और प्रेरणा से 30 मार्च से प्रारंभ किए गए अभियान में उद्यानिकी अमले और उद्यानिकी कृषकों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। इस अभियान में डेढ़ लाख से अधिक कृषकों द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाई गई।

### पानी चौपाल की सक्रियता

अभियान के अन्तर्गत जल के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों में 812 पानी चौपाल का आयोजन किया गया है, इन में एक लाख 21 हजार से अधिक कृषक भाई सम्मिलित हुए। यह पानी चौपाल वन-वे" नहीं टू-वे कम्यूनिकेशन पर केन्द्रित रही, जिनमें किसानों द्वारा अपने गांव, खेतों में बने प्राकृतिक स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर विचार रखे गये। पानी चौपाल के माध्यम से कृषकों को पौध-रोपण के लिए समझाया गया कि कम से कम 2 से 3 आयु वर्ष के पौधों का ही रोपण किया जाए, इनके जीवित रहने की संभावना अधिक रहती है।

वर्तमान में प्रदेश की विभिन्न नर्सरियों में 25 लाख से अधिक जीवित पौधे है, जो इच्छुक किसान भाई प्राप्त कर सकते हैं।

कृषक भाइयों को पानी के महत्व को समझाने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत पर ड्राप-मोर क्रॉप अभियान भी चलाया गया।

# उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल में विभिन्न संकायों के परीक्षा परिणाम घोषित

भोपाल ब्यूरो।



उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करने, समय पर परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संस्थान के सामान्य परिषद के अध्यक्ष श्री परमार ने परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल में शनिवार को, संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ महिपाल सिंह यादव, परीक्षा शाखा के सभी अधिकारियों एवं सभी विभाग अध्यक्षों की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश अग्रवाल ने बताया कि बीए द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 87.72 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 94.79 प्रतिशत, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर का 90.83 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 97.61 प्रतिशत, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर का 85.75 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 93.60 प्रतिशत, बीपीईएस द्वितीय सेमेस्टर का 100 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 66.66 प्रतिशत, बीबीए (क्र्क्क) द्वितीय सेमेस्टर का 90.69 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 100 प्रतिशत तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर का 94.42 प्रतिशत रहा है।

बीए द्वितीय सेमेस्टर में 383 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 146 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीए चतुर्थ सेमेस्टर में 346 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 201 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है।

बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर में 382 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 114 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर में 335 छात्र बैठे थे, जिनमें से 128 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है।

बीएससी द्वितीय सेमेस्टर में 400 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 165 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर में 250 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 155 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर में कुल 97 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 34 परीक्षार्थियों का प्राप्तांक 75त्न या उससे अधिक है।

उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के आठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम 18 जून को ही घोषित किए जा चुके हैं।

# भोपाल में 27 फीट ऊंचे रथ पर निकले भगवान जगन्नाथ: रूस के श्रद्धालु भी हुए शामिल

भोपाल ब्यूरो।

भोपाल के इस्कॉन मंदिर से शनिवार को भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की रथयात्रा निकाली जा रही है। तेरहवीं वार्षिक रथयात्रा शाम 4 बजे भोपाल टॉकीज से शुरू हुई। खास बात यह है कि इस बार यात्रा में शामिल होने के लिए रूस से भी श्रद्धालु आए हैं। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो हरे कृष्णा के जयकारों पर झूमते नजर आ रहे हैं। यात्रा हमीदिया रोड, भारत टॉकीज, रोशनपुरा, रंगमहल और न्यू मार्केट होते हुए माता मंदिर स्थित प्लेटिनम प्लाजा पर पहुंच रही है। रथयात्रा का शुभारंभ भोपाल की महापौर मालती राय ने किया। समापन स्थल पर मंत्री कृष्णा गौर आरती में शामिल होंगी। इस



दौरान जगह-जगह पर भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

### पहली बार नंदिघोष शैली में दिखा भव्य रथ

इस बार रथ पुरी, ओडिशा के नंदी घोष रथ की तर्ज पर बनाया है। 27 फीट ऊंचा, 24 फीट लंबा और 17 फीट चौड़ा यह रथ लोहे के मजबूत फाउंडेशन पर खड़ा है, जबकि ढांचा सागौन की लकड़ी से निर्मित है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. 2025-जून-04 दिनांक 27.06.2025

**निविदा सूचना**

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल, आगरा** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | 2025-जून-04-01 | गोविंदगढ़ स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 02 के विस्तार का कार्य। | ₹ 3278124.40 |
| 2. | 2025-जून-04-02 | परखम स्टेशन पर नये प्लेटफार्म संख्या 2 का निर्माण कार्य। | ₹ 22978448.28 |
| 3. | 2025-जून-04-03 | मथुरा स्टेशन की 3rd एंट्री पर परिसंचरण क्षेत्र का निर्माण कार्य। | ₹ 20647147.62 |
| 4. | 2025-जून-04-04 | सहायक मण्डल इंजी. (लाइन) के अधीन ईदगाह-बयाना खंड के विभिन्न यार्डों में सुधार का कार्य। (07 यार्डस) | ₹ 21481798.45 |
| 5. | 2025-जून-04-05 | आगरा मंडल में नॉन-इंटरलॉक्ड एलसी गेट्स 06 नम्बरों के इंटरलॉकिंग के लिए एस एंड टी सेवा भवन का निर्माण। | ₹ 10256460.87 |
| 6. | 2025-जून-04-06 | सहायक मण्डल इंजी. (लाइन) के अधीन ईदगाह-बांदीकुई खंड के विभिन्न यार्डों में सुधार का कार्य (14 यार्डस)। | ₹ 6269874.25 |
| 7. | 2025-जून-04-07 | आगरा मंडल के मथुरा रेलवे स्टेशन पर 08 यात्री एस्केलेटर का प्रावधान (सिविल कार्य)। | ₹ 33880403.61 |

निविदा प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेबपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 18.07.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 1130/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित तीर्थयात्रियों/रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुरू पूर्णिमा के अवसर पर निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :-

**गाड़ी सं. 04004/04003 दिल्ली सराय रोहिल्ला-अशोक नगर विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला-अशोक नगर | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04003 अशोक नगर-दिल्ली सराय रोहिल्ला | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| - | 12:15 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 07:45 | --- |
| 16:30 | 16:35 | आगरा छावनी | 02:35 | 02:40 |
| 18:45 | 18:50 | ग्वालियर | 23:30 | 23:35 |
| 21:25 | 21:30 | वी.लक्ष्मीबाई झाँसी | 22:10 | 22:15 |
| 04:00 | --- | अशोक नगर | --- | 17:00 |

- गाड़ी सं. 04004: दिल्ली सराय रोहिल्ला से (सोमवार) दिनांक 07.07.2025
- गाड़ी सं. 04003: अशोक नगर से (शुक्रवार) दिनांक 11.07.2025
- गाड़ी संरचना : वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-01, स्लीपर श्रेणी-02, सामान्य श्रेणी-19

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1104/25(D)

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं. T_25-26_Corrosion/Notice दिनांक : 27.06.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कोच एम.एल.आर कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा संख्या | मात्रा | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|
| T_25-26_Corrosion | एक कार्य | 12 माह |

**कार्य का विवरण :** पीओएच के दौरान संक्षारण मरम्मत कार्य गतिविधियाँ, आईसीएफ कोचों का भारी संक्षारण और पुनर्वास रखरखाव कार्यक्रम।

**निविदा मूल्य : रू. 27,55,398.44/-**(रूपये सत्ताइस लाख पच्चपन हजार तीन सौ अन्ठानवे एवं चौआलीस पैसे मात्र), **बयाना राशि :** रूपये 55,100/-, **निविदा प्रपत्र मूल्य :** Rs. 0/-

1. निविदा दिनांक 18.07.2025 को 15:00 बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 3. ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। 1121/25 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

संख्या : म.रे.प्र./वा./आगरा/खा.पा./ई-नीलामी/25 दिनांक - 27.06.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिये वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उ.म.रे.-आगरा द्वारा आगरा मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर 01 खानपान स्टॉल एवं 01 मल्टीपरपज स्टॉल को लगाने एवं पॉच वर्ष तक संचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

| Category | Auction Catalogue No. | Name of Station | Station Code | Total No. of Stalls | Auction Starting Time |
|---|---|---|---|---|---|
| Catering Stalls | AGRA-CATG-25-1 | धौलपुर जं. | DHO | 01 | Date 17.07.2025 Time 11:00 Hrs. |
| MPS | MPS-AGRA-25-01 | धौलपुर जं. | DHO | 01 | Date 17.07.2025 Time 15:00 Hrs. |

Category : B

नोट- इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी सम्बन्धित अधिक ज्ञानकारी एवं निविदा हेतु IREPS website (www.ireps.gov.in) के e-Auction Leasing Module पर जाकर बोली लगा सकते है। 1124/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.- JHS/Comm/e-Auction/25/115 दिनांक: 27.06.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**श्रेणी:** पार्सल | **केटलॉग संख्या:** JHS-LEASING-41

**एसेट्स डिटेल्स:** 1. ट्रेन संख्या-22547 में 01 एसएलआर- एफ-I, 2. ट्रेन संख्या-12198 में 02 एसएलआर- एफ-I & एफ-II, 3. ट्रेन संख्या-12049 में 01 एसएलआर- एफ-I, 4. ट्रेन संख्या-12279 में 01 एसएलआर- एफ-I, 5. ट्रेन संख्या-22198 में 01 एसएलआर- एफ-I, 6. ट्रेन संख्या-22195 में 01 एसएलआर- एफ-I, 7. ट्रेन संख्या-12320 में 01 एसएलआर- एफ-I, 8. ट्रेन संख्या-11107 में 02 एसएलआर- आर-I & एफ-I

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय:** दिनांक 14.07.2025 को समय- 11:00 से

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय:** दिनांक 14.07.2025 को समय- 13:00 तक

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1123/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954